# तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

■ रायपुर, मंगलवार, 24 जून 2025 ■ आषाढ़ कृष्ण पक्ष-13 ■ वर्ष- 41 ■ अंक-087 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 25 जून 2025 ■ मूल्य 2.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### केन्द्रीय मंत्री जुएल ओराम 25 को छग प्रवास पर

**रायपुर, 24 जून।** केन्द्रीय जनजाति मामले मंत्री जुएल ओराम कल 25 जून को एक दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर आ रहे हैं। श्री ओराम यहाँ प्रेस कॉन्फ्रेंस लेने के बाद आपातकाल की 50वीं बरसी पर आहूत संगोष्ठी को सम्बोधित करेंगे। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री और कार्यक्रम संयोजक रामजी भारती ने यह जानकारी दी। भाजपा प्रदेश महामंत्री श्री भारती ने बताया कि केंद्रीय मंत्री श्री ओराम 25 जून की सुबह राजधानी पहुँचने के बाद सिविल लाइन स्थित सर्किट हाउस में सुबह 11.30 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस को सम्बोधित करेंगे। श्री ओराम इसके पश्चात दोपहर 12 बजे से आपातकाल की बरसी पर होने वाली संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के तौर पर शिरकत करेंगे। संगोष्ठी में कार्यक्रम सह संयोजक सच्चिदानंद उपासने प्रास्ताविक भाषण देंगे।



### एलआईसी हाउसिंग ने घटाई होम लोन की ब्याज दरें

**नई दिल्ली, 24 जून।** भारत में घर खरीदने का सपना अब और आसान हो सकता है. एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस ने होम लोन की ब्याज दरों में 0.50% की बड़ी कटौती की है. अब नए लोन सिर्फ 7.50% सालाना ब्याज दर पर उपलब्ध होंगे. यह निर्णय आरबीआई द्वारा रेपो रेट को 6.00% से घटाकर 5.50त्न किए जाने के बाद लिया गया है। इस कटौती से लाखों मौजूदा और संभावित होम लोन ग्राहकों को राहत मिलने की उम्मीद है. लेकिन क्या इसका असर सिर्फ EMI पर होगा या आपकी लोन अवधि (Loan Term) भी बदलेगी? आइए आसान भाषा में समझते हैं। अगर आपने 30 लाख का होम लोन 20 साल की अवधि के लिए लिया है, तो ब्याज दर 8.00% से घटकर 7.50% होने पर आपकी मासिक EMI में करीब 950 तक की कमी आ सकती है. साथ ही, कुल ब्याज भुगतान में भी लाखों रुपये की बचत हो सकती है.

### एअर इंडिया की लंदन-मुंबई फ्लाइट में 5 पैसेंजर बीमार हुए

**नई दिल्ली, 24 जून।** एअर इंडिया की लंदन के हीथ्रो एयरपोर्ट से मुंबई आ रही फ्लाइट AI 130 में सफर के दौरान 5 यात्रियों और 2 क्रू मेंबर्स ने चक्कर आने और उल्टी होने की शिकायत की। सोमवार को एअर इंडिया ने इसकी जानकारी दी। एअर इंडिया ने बताया कि विमान के मुंबई में सुरक्षित लैंड करने पर मेडिकल टीम पहले से तैयार थी। एअर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा- 'मुंबई पहुंचने के बाद दो यात्रियों और दो क्रू मेंबर्स को मेडिकल रूम में ले जाया गया, जहां उनकी जांच की गई। बाद में सभी को डिस्चार्ज कर दिया गया। मामले की जांच की जा रही है और जांच एजेंसी को सूचित कर दिया गया है।' सोमवार को एअर इंडिया एक्सप्रेस की दिल्ली-जम्मू-श्रीनगर फ्लाइट जम्मू एयरपोर्ट पर लैंड किए बिना दिल्ली लौट गई। अधिकारियों ने बताया कि यह फ्लाइट सुबह 10:40 बजे रवाना होनी थी, लेकिन इसने 11:04 बजे उड़ान भरी और इसे 12:05 बजे जम्मू पहुंचना था।

# सीजफायर को लेकर सहमत हुए ईरान और इजरायल

## शांति के लिए डोनाल्ड ट्रंप ने नेतन्याहू से और अमेरिकी अफसरों ने ईरान से की चर्चा

**तेलअवीव, 24 जून।** इजरायल और ईरान ने मंगलवार यानी 24 जून 2025 को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से प्रस्तावित युद्धविराम योजना को स्वीकार कर लिया है। इसके बाद 12 दिनों से जंग की आग में झुलस रहे मध्य पूर्व में अब शांति है। ईरान ने मंगलवार तड़के इजरायल पर मिसाइल हमले किए, जिसमें 7 लोगों की मौत हुई, जबकि इजरायल ने सुबह से पहले ईरान के कई ठिकानों पर हवाई हमले किए। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि इजरायल ने ट्रंप के समन्वय में ईरान के साथ द्विपक्षीय युद्धविराम पर सहमति जताई है। उन्होंने बताया कि इजरायल ने 12 दिनों के अभियान में अपने सभी युद्ध लक्ष्य हासिल कर लिए। इसमें ईरान के परमाणु और बैलिस्टिक मिसाइल प्रोग्राम का खतरा खत्म करना, ईरान की सैन्य नेतृत्व को नुकसान पहुंचाना, कई सरकारी ठिकानों को क्षति पहुंचाना शामिल है। नेतन्याहू ने चेतावनी दी कि युद्धविराम के किसी भी उल्लंघन का इजरायल कड़ा जवाब देगा।

**सीजफायर ऐलान के बाद ईरान ने दागी मिसाइलें:** ट्रम्प के सीजफायर के ऐलान के बाद से ईरान के विदेश मंत्री ने इसे खारिज कर दिया था। उन्होंने कहा कि इजराइल के साथ अभी कोई अंतिम युद्धविराम समझौता नहीं हुआ है। अगर इजराइल, हमले रोक देता है, तो ईरान भी हमले नहीं करेगा। कुछ ही देर बाद ईरान ने इजराइल पर 6 बार बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया। मेडिकल टीम ने बताया कि हमले में 5 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 20 से ज्यादा घायल हैं।

हालांकि इसके बाद दोनों देशों की ओर से कोई हमला नहीं किया गया है. उम्मीद की जा रही है कि इस युद्ध के चलते जल्द चरण बद्ध तरीके से इजरायल और ईरान अपना एयर स्पेस खोलेंगे, ईरान पर 13 जून को हमले के बाद इजराइल ने अपना एयर स्पेस बंद कर दिया था। इससे इंटरनेशनल फ्लाइट्स ऑपरेशन्स बंद थे।



### प्लीज इसे न तोड़ें : ट्रंप



अमेरिकी राषअट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने जंग के 12वें दिन सीजफायर का ऐलान किया और कहा कि यह अगले 6 घंटे में लागू हो जाएगा। तय समय पूरा होने पर उन्होंने एक और पोस्ट किया और लिखा- अभी से सीजफायर लागू होता है, प्लीज इसे न तोड़ें।

### ईरान में जीत का जश्न

अमेरिका दशकों से यह इच्छा रखता रहा है कि ईरान में सत्ता परिवर्तन हो। वह अली खामेनेई की जगह किसी दूसरे के हाथ में ईरान की बागडोर देखने के लिए लगातार अभियान चलाता रहा है। ईरान पर हमले के बाद भी इजराइल ने ईरान की जनता से यही अपील की थी कि वह इस सत्ता को उखाड़ फेंकें और एक नई शुरुआत करें। लेकिन अब जब कि युद्ध समाप्ति की घोषणा हो चुकी है, खामेनेई अपने पद पर डटे हुए हैं। ईरान दावा कर सकता है कि उसने अमेरिकी मंसूबों को असफ्ल कर दिया है। ईरान ने अमेरिकी बेसों पर हमले कर अपनी जनता को जीत जैसा जश्न मनाने का अवसर दे दिया है। तेहरान की सड़कों पर जीत का जश्न मनाया जा रहा है। इससे यह बात तो साबित होती ही है कि ईरान का एक बड़ा वर्ग अभी भी अली खामेनेई के साथ खड़ी है।

# काशी विश्वनाथ के दरबार में सीएम साय ने की पूजा-अर्चना



**वाराणसी, 24 जून।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने काशी में भगवान विश्वनाथ के मंदिर में दर्शन कर पूजा-अर्चना की। इस दौरान उनके साथ उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और मंत्री केदार कश्यप भी मौजूद थे। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने भगवान शंकर की पावन नगरी काशी में स्थित 'काशी के कोतवाल' श्री काल भैरव महाराज के दिव्य मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और देश के कल्याण हेतु प्रार्थना की। इस पावन अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने बाबा काल भैरव की विधिवत आराधना की और संपूर्ण राष्ट्र के लिए मंगलकामना की। उन्होंने कहा कि बाबा भैरवनाथ की कृपा समस्त देशवासियों पर निरंतर बनी रहे, यही मेरी प्रार्थना है। उन्होंने देश के नागरिकों के जीवन में सुरक्षा, समृद्धि और कल्याण के प्रकाश के निरंतर प्रवाह की कामना भी की। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विशेष रूप से छत्तीसगढ़ राज्य की शांति, विकास और जनकल्याण की दिशा में अग्रसर यात्रा के लिए बाबा काल भैरव जी से आशीर्वाद प्राप्त किया।

# मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में सुरक्षा और विकास पर हुआ मंथन

**वाराणसी, 24 जून।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की अगुवाई में वाराणसी में मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25वीं बैठक हुई। इस बैठक में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शामिल हुए। इनके अतिरिक्त बैठक में चारों राज्यों के मुख्य सचिव समेत 120 वीआईपी और नीति आयोग के अंतर राज्यपरिषद के प्रतिनिधियों ने भी शिरकत की। यह बैठक होटल ताज में आज सुबह 11:00 बजे से शुरू हुई। बैठक में सामाजिक विकास परिवहन सीमा विवाद अल्पसंख्यकों से जुड़े मुद्दे राज्य पुनर्गठन नक्सल प्रभावित क्षेत्र की स्थिति कानून व्यवस्था पर्यावरण जैसे मुद्दे पर चर्चा हुई। जिस पर चारों राज्यों के मुख्यमंत्री ने अपनी-अपनी प्रतिक्रिया दी। बैठक में राज्यों से जुड़े विशेष मुद्दों पर मंथन हुआ।




### शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली जैसे मुद्दों पर चर्चा

मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25वीं बैठक में आपातकालीन प्रतिक्रिया सहायता प्रणाली के क्रियान्वयन के साथ पोषण, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, शहरी नियोजन और सहकारी प्रणाली को मजबूत करने जैसे क्षेत्रीय स्तर के मुद्दों पर हुई। गृहमंत्री ने सीमा सुरक्षा-घुसपैठ समेत कई मुद्दों पर चर्चा की और चारों राज्यों के सीएम को आपसी सामंजस्य बनाए रखने की बात कही।

# सीआरपीएफ जवानों ने 20 फीट लंबे अजगर का रेस्क्यू किया

**कोंडागांव, 24 जून।** सीआरपीएफ के जवानों ने 20 फीट लंबे अजगर का रेस्क्यू किया है। फरसगांव क्षेत्र में ग्रामीणों की सूचना पर सीआरपीएफ की 188वीं बटालियन के जवान मौके पर पहुंचे। जवानों ने करीब 15 किलो वजनी विशालकाय अजगर को सुरक्षित बचाया। बताया जा रहा है चित्रकोट के पुष्पाल घाट कैंप में घुस रहा था। तभी जवानों ने मिलकर सावधानीपूर्वक अजगर को काबू किया। बचाव अभियान के दौरान जवानों ने पूरी एहतियात बरती। इसके बाद अजगर को वन विभाग को सौंप दिया गया।



## ईरान-इजराइल युद्ध के चलते देशभर में 60 से अधिक फ्लाइट कैंसिल

**नई दिल्ली, 24 जून।** ईरान-इजराइल युद्ध का असर भारत से मिडिल ईस्ट आने-जाने वाली फ्लाइट्स पर पड़ रहा है। बढ़ते तनाव और एयरस्पेस बंद होने से अब तक 60 से ज्यादा उड़ानें रद्द हो गई हैं। दिल्ली एयरपोर्ट की 48 फ्लाइट्स कैंसिल हुई हैं। इनमें 28 फ्लाइट दिल्ली आने और 20 दिल्ली से रवाना होने वाली थीं।

जयपुर एयरपोर्ट से 6 फ्लाइट्स रद्द हुई हैं। इनमें मिडिल ईस्ट आने-जाने वाली 3-3 उड़ानें शामिल हैं। लखनऊ एयरपोर्ट से अबु धाबी और शारजाह जाने वाली 2 फ्लाइट को यूएई-कतर एयरस्पेस बंद होने से कैंसिल किया गया है। अहमदाबाद एयरपोर्ट आने वाली 5 फ्लाइट कैंसिल कर दी गई है। इनमें लंदन, अबु धाबी, दुबई, कुवैत और दोहा से आने वाली उड़ानें शामिल हैं। वहीं, अमृतसर एयरपोर्ट से दुबई जाने वाली फ्लाइट स्त्न-55 भी रद्द हुई है। दरअसल, 23 जून की रात को ईरान ने अपने परमाणु ठिकानों पर हमलों का बदला लेने के लिए कतर में अमेरिका के अल-उदीद एयर मिलिट्री बेस पर 6 मिसाइलें दागी। इसके बाद कतर, बहरीन, यूएई, इराक और कुवैत ने अपना एयरस्पेस अस्थायी रूप से बंद कर दिया। इंडिगो- जैसे-जैसे मिडिल ईस्ट के एयरपोर्ट दोबारा खुल रहे हैं, हम वहां के रूट्स पर अपनी सेवाएं सावधानीपूर्वक और धीरे-धीरे फिर से शुरू कर रहे हैं। हम पूरी स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।



- दिल्ली एयरपोर्ट की 48 उड़ानें रद्द
- 4 राज्यों में भी उड़ानें प्रभावित, मिडिल-ईस्ट देशों में एयरस्पेस बंद

### शुभांशु शुक्ला कल भरेंगे अंतरिक्ष की उड़ान

**नई दिल्ली, 24 जून।** ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला Axiom-4 मिशन के तहत 25 जून को स्पेसएक्स के ड्रैगन यान से सुबह 2:31 बजे अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए रवाना होंगे। 1984 में राकेश शर्मा की उड़ान के बाद पहली बार कोई भारतीय एयरफोर्स अफ्सर अंतरिक्ष में जा रहा है। Axiom-4 में भारत, अमेरिका, हंगरी और पोलैंड के एस्ट्रोनॉट शामिल हैं। इस मिशन की कमान अमेरिका की अनुभवी एस्ट्रोनॉट पेगी व्हिटसन संभालेंगी। शुक्ला इस मिशन में पायलट की भूमिका में होंगे और करीब 550 करोड़ रुपये में भारत ने उनकी सीट बुक की है। Axiom-4 के तहत ये अंतरिक्ष यात्री दो हफ्ते तक ISS पर रहेंगे और करीब 60 वैज्ञानिक प्रयोग करेंगे। इनमें से सात प्रयोग भारत के होंगे। शुभांशु शुक्ला अंतरिक्ष से एक लाइव संवाद भी करेंगे।



# एससीओ की बैठक में शामिल होने चीन जाएंगे राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली, 24 जून।** चीन में बुधवार से शुरू हो रही एससीओ बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। लद्दाख विवाद और भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच यह दौरा खास माना जा रहा है। राजनाथ सिंह बैठक में क्षेत्रीय सुरक्षा, आतंकवाद के खिलाफ साझा रणनीति और व्यापार सहयोग पर भारत का पक्ष रखेंगे। साल 2020 में लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर दोनों देशों के बीच सैन्य तनाव शुरू हुआ था। इस तनाव के दौरान गलवान घाटी में जून 2020 में हुई झड़प ने दोनों देशों के रिश्तों में गहरी खटास ला दी थी। ऐसे में राजनाथ सिंह की यह यात्रा दोनों देशों के बीच संवाद की संभावनाओं पर भी नजर बनाए रखने के लिहाज से अहम मानी जा रही है। सम्मेलन के दौरान राजनाथ सिंह की चीन, रूस समेत अन्य सदस्य देशों के रक्षा मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी प्रस्तावित हैं। इन मुलाकातों में सुरक्षा, रक्षा सहयोग और सीमा विवाद जैसे मुद्दों पर चर्चा की जा सकती है। यह बैठक भारत-चीन संबंधों में जमी बर्फको पिघलाने की एक और कोशिश के तौर पर भी देखी जा रही है।



आधिकारिक बयान के मुताबिक, राजनाथ सिंह एससीओ के सिद्धांतों और उद्देश्यों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दोहराएंगे। साथ ही, वह क्षेत्र में शांति, स्थिरता और विकास के लिए भारत की दूरदर्शी सोच भी साझा करेंगे। इसके अलावा क्षेत्रीय व्यापार, आर्थिक सहयोग और संपर्क बढ़ाने पर भी जोर दिया जाएगा।भारत एससीओ को बहुपक्षीय मंच के रूप में बेहद अहम मानता है। यह संगठन सदस्य देशों की संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता, आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप न करने और समानता जैसे सिद्धांतों पर आधारित है।

### एनएसए डोभाल भी चीन दौरे पर

सिर्फ राजनाथ सिंह ही नहीं, भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल भी इसी समय चीन में एससीओ के शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों की बैठक में हिस्सा ले रहे हैं। इससे यह साफहै कि भारत एससीओ जैसे मंच का इस्तेमाल न सिर्फआतंकवाद, बल्कि सामरिक, राजनीतिक और आर्थिक सहयोग बढ़ाने के लिए भी कर रहा है।



## रेल किराया बढ़ाने की तैयारी




**नई दिल्ली, 24 जून।** भारतीय रेलवे 1 जुलाई 2025 से नया किराया टैरिफ लागू करने जा रही है. यह बदलाव लोकल यात्रियों के साथ-साथ लंबी दूरी की यात्रा करने वालों की जेब ढीली करेगा. हालांकि, राहत की बात यह है कि कुछ कैटेगिरी में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है. 1 जुलाई से एसी और नॉन एसी ट्रेनों से सफर महंगा हो जाएगा. रेलवे ने मेल और एक्सप्रेस सभी ट्रेनों के किराए में बढ़ोतरी की तैयारी कर ली है. रिपोर्ट के मुताबिक रेलवे ने नॉन एसी कोच का किराया 1 पैसा प्रति किलोमीटर बढ़ाया है तो वहीं एसी कोच का किराया 2 पैसा प्रति किलोमीटर बढ़ाया गया है. रेलवे बोर्ड ने इस प्रस्ताव को रेल मंत्रालय के पास भेजा है, अगर इसे मंजूरी मिलती है तो 1 जुलाई से आपका रेल सफ्र महंगा हो जाएगा।

### 7 जुलाई को सरकार के खिलाफ कांग्रेस की किसान-जवान-संविधान जनसभा

# डबल इंजन सरकार के बाद भी राज्य बदहाल : पायलट

**रायपुर, 24 जून।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के छत्तीसगढ़ दौरे के मद्देनजर रायपुर पहुंचे छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट ने प्रदेश की सरकार को आड़े हाथ लिया. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री शाह के दौरे के बाद भी राज्य का हाल बेहाल है. यहां की डबल इंजन सरकार फेल है।

सचिन पायलट ने अपने प्रवास के दौरान कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में पूर्व सीएम भूपेश बघेल, पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत सहित वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में प्रेस वार्ता ली. उन्होंने बताया कि मल्लिकार्जुन खड़गे 7 जुलाई को वे छत्तीसगढ़ आएंगे. रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित 'किसान जवान संविधान' जनसभा में शामिल होंगे. आयोजन में लगभग 50 हज़ार लोगों के शामिल होने की संभावना है. सचिन पायलट ने कहा सभी नेताओं, पदाधिकारियों, ज़िलाध्यक्षों और अध्यक्षों से सार्थक चर्चा हुई है. डेढ़ साल पहले जिन वादों के साथ बीजेपी ने वोट माँगा. ये सरकार जनता का विश्वास खो चुकी है. किसी क्षेत्र में ये सरकार कामयाबी बाहर के नेताओं को लाकर इन्हें अपनी पीठ थपथपाने पड़ती है।

कांग्रेस प्रभारी ने कहा कि प्रदेश में आज DAP कहीं नहीं है. प्रदेश भर में किसान परेशान हैं. NPK सरकार दे रही है, वो भी पर्याप्त नहीं है. किसानों से सरकार मुँह फेर रही है. हर जिले में लूट, बलात्कार और गोलियाँ चल रही है. कांग्रेस सरकार की 17 योजनाओं को सरकार ने बंद कर दिया.

**पुलिस के जरिए कांग्रेस को कर रहे प्रताड़ित:** उन्होंने कहा कि केंद्र के सहयोग के बाद 37 हज़ार करोड़ का लोन सरकार ले चुकी है. शिक्षकों के साथ अन्याय हो रहा है. पूरी कांग्रेस पार्टी मज़बूती से लड़ाई लड़ेगी. सरकार पुलिस का उपयोग कर कांग्रेस को प्रताड़ित कर रही है. पार्टी कार्यालय को सील किया गया. इस सरकार ने सत्ता प्राप्ति से कुछ भी करना दिल्ली से सीखा है.

**चंद लोगों को संसाधन सौंपने की तैयारी :** सचिन पायलट ने कहा कि प्रदेश की संसाधन चंद लोगों के हाथों में देने की तैयारी में है. पार्टी उद्योग, इन्वेस्टमेंट के पक्ष में है, लेकिन गरीब आदिवासियों का घर उजाड़ने के ख़िलाफ़ है. वो लाख कोशिश कर लें ये दिखाने की कि हममें कोई मतभेद है. कांग्रेस एकजुटता से लड़ती आई है, और आगे भी लड़ेगी।



### 7 जुलाई को आएंगे कांग्रेस अध्यक्ष



कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे 7 जुलाई को छत्तीसगढ़ आएंगे. इस दौरान रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में 'किसान जवान संविधान' के नाम बड़ी जनसभा में शामिल होंगे. खड़गे के प्रवास की तैयारियों के मद्देनजर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट ने बैक टू बैक बैठकें लेते हुए जरूरी दिशा-निर्देश दिए. इसके पहले पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी, जिलाध्यक्षों, प्रकोष्ठों और विधायकों की बैठक लेकर संगठन के कार्यों पर चर्चा की।

### छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट का अहम फैसला

# नाबालिग को वयस्क मानकर सुनाई गई उम्रकैद की सजा की रद्द, चिल्ड्रन कोर्ट की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल

**बिलासपुर, 24 जून।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने एक नाबालिग को वयस्क मानकर सुनाई गई उम्रकैद की सजा को खारिज कर दिया है। यह फैसला न्यायमूर्ति संजय के. अग्रवाल की अध्यक्षता वाली डिवीजन बेंच ने सुनाया, जिसमें सुप्रीम कोर्ट के 'शिल्पा मित्तल बनाम भारत सरकार' मामले का हवाला दिया गया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि आईपीसी की धारा 307 (हत्या का प्रयास) को जघन्य अपराध नहीं माना जा सकता क्योंकि इसमें न्यूनतम 7 साल की सजा का स्पष्ट प्रावधान नहीं है।



**क्या है पूरा मामला?:** यह केस कोरबा जिले का है, जहां एक 17 वर्षीय किशोर पर हत्या की कोशिश (धारा 307) का आरोप लगा था। पुलिस ने केस का चालान किशोर न्याय बोर्ड में पेश किया। बोर्ड ने आरोपी की उम्र 16 से 18 साल के बीच मानते हुए मामला जघन्य अपराध की श्रेणी में ले लिया और प्रारंभिक मूल्यांकन के बाद केस को चिल्ड्रन कोर्ट को सौंप दिया। इसके बाद चिल्ड्रन कोर्ट ने नाबालिग को वयस्क मानते हुए मुकदमा चलाया, और 27 सितंबर 2017 को उसे उम्रकैद की सजा के साथ 2,000 जुर्माना भी लगाया।

### हाईकोर्ट में अपील

इस फैसले के खिलाफ किशोर ने हाईकोर्ट में अपील की। अपील में कहा गया कि न तो उसे प्रारंभिक मूल्यांकन रिपोर्ट की प्रति दी गई और न ही रिपोर्ट पर अपनी बात रखने का मौका भी नहीं मिला। इसके अलावा चिल्ड्रन कोर्ट ने स्वतंत्र जांच किए बिना ही उसे दोषी ठहरा दिया।

### सभी बाल न्यायालयों को निर्देश

हाईकोर्ट ने अपने इस फैसले की प्रति राज्य के सभी चिल्ड्रन कोर्ट और बाल कल्याण बोर्डों को भेजने के निर्देश दिए हैं, ताकि भविष्य में इस तरह की प्रक्रियागत त्रुटियां न हों।

# प्रेमी ने चचेरे भाई के साथ मिलकर की प्रेमिका व बेटे की हत्या







**दुर्ग, 24 जून।** जिले के अमलेश्वर थाना क्षेत्र के ग्राम-खम्हरिया में दोहरे हत्याकांड के पीछे प्रेम-प्रसंग का खौफनाक मोड़ निकला पुलिस जांच में जो खुलासा हुआ वह रोंगटे खड़े कर देने वाला था रायपुर की रहने वाली सुनीता चतुर्वेदी (32 साल ) और उसका बेटा काव्यांश (8 साल ) अब इस दुनिया में नहीं है। प्रेमी ने मृतका के द्वारा शादी का दबाब बनाने पर रास्ते से हटाने के लिए अपने चचेरे भाई के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची थी अब दोनों सलाखों के पीछे हैं दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल ने बताया कि इस मामले में विवेचना के लिए एसआईटी का गठन किया गया ग्रामवासियों एवं आस पास के गांवों से मृतका एवं मृतक बालक के संबंध में जानकारी हासिल करने के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक अज्ञात महिला को एक-दो बार छत्रपाल सिंगौर के साथ आते-जाते देखा गया है तब शक की सुई घूमते ही संदेही छत्रपाल सिंगौर को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर बताया कि सुनीता चतुर्वेदी उर्फ पल्लवी जो रायपुर में रहती है। उससे इंस्टाग्राम के माध्यम से परिचय हुआ और पहली मुलाकात महादेव घाट के पास हुई। इसके बाद में आरोपी छत्रपाल सिंगौर को मृतका सुनीता चतुर्वेदी ने बतायी थी कि उसके पति का स्वर्गवास हो गया है वह अपने 8 वर्ष के बच्चे के साथ और माता-पिता के साथ रायपुर में रहती है। तब आरोपी छत्रपाल ने कहा कि उसकी भी शादी नहीं हुई है तुमसे शादी कर लूंगा और बच्चे को रख लूंगा कहकर मृतका से आये दिन मिलता रहा एवं शारीरिक संबंध बनाता रहा मृतका के बार-बार दबाव बनाने पर हत्या की रची साजिश एसएसपी अग्रवाल ने बताया कि आरोपी छत्रपाल सिंगौर से पूछताछ करने पर बताया कि मृतका ने बार बार शादी करने एवं साथ में रहने के लिए कहने पर आरोपी टालता रहा इसी बीच आरोपी छत्रपाल ने डेढ़ माह पूर्व किसी और महिला से शादी कर ली। मृतका ने बार बार अपने बच्चे को लेकर छत्रपाल सिंगौर के साथ रहने के लिए दबाव बनाने लगी। तब आरोपी छत्रपाल सिंगौर अपने चचेरे भाई शुभम कुमार सिंगौर को मृतका से प्रेम प्रसंग के संबंध में एक वर्ष पहले बता चुका था आरोपी छत्रपाल निवासी खम्हरिया अपने चचेरे भाई को 18 जून को मिलकर बताया कि सुनीता व उसके बेटे को रास्ता से हटाना है तब दोनों भाई ने हत्या करने की योजना बना डाली दो लोगों की बाड़ी में मिला था दो अलग-अलग शवअमलेश्वर पुलिस ने बताया कि 22 जून को सूचना मिलने पर ग्राम खम्हरिया स्थित राधेलाल गायकवाड की बाड़ी में कुंआ के अंदर साड़ी में लिपटा मिट्टी से भरी प्लास्टिक की बोरी के अंदर में अज्ञात बालक 8 वर्ष का शव तथा पास में ही स्थित भगवान दास महिलांग कि बाडी में कुंए के अंदर पानी में लाल रंग की साड़ी में लिपटे पत्थर बंधा प्लास्टिक की बोरी में अज्ञात महिला का शव मिला था उम्र 30-35 वर्ष का शव मिलने पर थाना अमलेश्वर में मर्ग कायम किया गया इसके बाद शव को देखकर अज्ञात व्यक्ति ने हत्या कर साक्ष्य छिपाने के लिए मृतका एवं मृतक बालक की हत्या करने के संदेह से मामले में धारा 103 (1), 238 (ए) बीएनएस कायम किया गया रायपुर के सिविल लाइन थाने में गुमशुदगी दर्ज पुलिस ने बताया कि 18 जून से सुनीता और काव्यांश के गायब रहने से उनके नजदीकी रिश्तेदार परेशान हो गए। मोबाइल फोन पर कॉल रिसीव नहीं हो रहा था फिर 19 जून से मोबाइल स्विच ऑफ बताने लगा। हर संभावित जगह पर खोजबीन करने के बावजूद उनका कोई सुराग नहीं मिला तो रायपुर के सिविल लाइन थाने में सुनीता और काव्यांश की गुमशुदगी दर्ज करा दी गई। इसी बीच 22 जून को अमलेश्वर थाना के खम्हरिया गांव के अलग-अलग कुओं से महिला व बच्चे की बंद बोरी में लाश मिली तो पुलिस ने सिविल लाइन थाने से संपर्क किया। फिर रिश्तेदारों ने मृतकों की पहचान सुनीता और उसके बेटे काव्यांश के रूप में कियारायपुर से स्कूटी में बिठाकर गांव लाकर रात में घटना को दिया था अंजाम एसएसपी ने बताया कि आरोपी छत्रपाल रायपुर से मृतका एवं उसके 8 वर्ष के बच्चे को अपने इलेक्ट्रीक स्कूटी में बैठाकर अपने गांव ग्राम खम्हरिया लाया जहां चचेरा भाई शुभम कुमार गांव में बताये गये स्थान पर मिला दोनों भाई ने मिलकर 18-19 जून की रात मृतका एवं उसके बच्चे को खेत में गला दबाकर मार दिया। दोनों का शव साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से अलग अलग साड़ी में लपेटकर बोरी में डालकर एवं पत्थर बांधकर एक कुंए में मां एवं दूसरे कुंए में बच्चे के शव को फेक दिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी छत्रपाल का किराना दुकान है वहीं शुभम शराब दुकान में सेल्स मेन का काम करता था

## एक नजर

### फांसी पर लटकी मिली महिला की लाश

**कवर्धा, 24 जून।** जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत नेवारी गांव में मंगलवार सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई जब एक 35 वर्षीय महिला का शव उसके ही मकान के छज्जे से फांसी के फंदे पर लटका हुआ पाया गया।शहीद आकाश राव के परिजनों से मिले सचिन पायलट.. कहा, 'आतंकवाद और नक्सलवाद की इस समाज में कोई जगह नहीं मृतका की पहचान संतरा बाई के रूप में हुई है जो चार बेटियों की मां थी। सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। जांच के दौरान पुलिस को यह बात हैरान करने वाली लगी कि महिला का शव छज्जे से लटकते हुए फंदे पर तो था लेकिन उसके घुटने ज़मीन को छू रहे थे। इस स्थिति ने आत्महत्या के मामले को संदिग्ध बना दिया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है और मामले की जाँच में जुट गई है।

### स्कूटी चोरी करने वाला गिरफ्तार



**भिलाई, 24 जून।**भिलाई स्कूल के बाहर खड़ी स्कूटी को चुराने के बाद बेचने की कोशिश कर रहे आरोपी को वैशाली नगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया आरोपी रितिक रोशन पिता विजय प्रसाद (20 साल ) राजा गार्डन भेलवा तालाब के पास कोहका का रहने वाला है प्रार्थी गोपाल कृष्ण गुप्ता निवासी शीतला कालोनी कृष्णा ग्रांड सिटी के सामने कोहका भिलाई के मुताबिक सफेद कलर की प्लेजर (स्कूटी) को उनकी भतीजी अलिशा गुप्ता शांति नगर सड़क - 2 किड्स वर्क स्कूल के पास खड़ी कर अंदर चली गयी थी बाहर आकर देखी तो स्कूटी गायब थी। पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति 18 नंबर रोड पर आटो डिल की दुकान में गाड़ी बेचने के फिराक में घुम रहा है पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंच संदेही को पकड़कर थाना वैशाली नगर लाया गया पूछताछ में आरोपी ने अपना अपराध कबूल लिया ।

### सर्पदंश से महिला की मौत

**भिलाई, 24 जून।** भिलाई नंदिनी थाना क्षेत्र के हरदी गांव में सुबह एक महिला की सांप के डंसने से मौत हो गई मिली जानकारी के अनुसार हरदी निवासी रमतिला (59 साल) सुबह घर के बाहर आंगन में कुछ काम कर रही थी कि तभी अचानक उसे दो बार अंगुली में सांप ने डंस दिया शुरु में उसे यह समझ नहीं आया कि उसे सांप ने काटा है, लेकिन कुछ देर बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी और बहोश हो गई परिजन ने इलाज के लिए अस्पताल ले गए, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया इधर सूचना मिलने पर हाउसिंग बोर्ड निवासी स्नेक मैन राजेश महादेवा गांव पहुंचा राजेश ने सांप को रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा ।

### युवक ने घर में खुदकुशी की

**भिलाई, 24 जून।** भिलाई वैशाली नगर थाना अंतर्गत एक युवक ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली घरवाले उसकी शादी के लिए रिश्ते खोज रहे थे एक दिन पहले भी युवक के परिजन ने लड़की देखकर आये थे इसके बाद उसने फांसी लगा ली मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि जीतू कुमार साव (28 साल ) राजीव नगर रामनगर का रहने वाला था प्राइवेट जॉब करता था मामले में यह बात सामने आई है कि युवक शादी के लिए लड़की देखने गया लेकिन वहां से उसे रिजेक्शन मिला। इसके बाद उसने आत्मघाती कदम उठा लिया। फिलहाल इस संबंध में जांच की जा रही है सीएसपी ने बताया कि प्रकरण में सभी तथ्यों को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है ।

# जनमन आवास के कार्यों का सीईओ ने वनांचल गांव में सघन निरीक्षण किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 24 जून।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम अजय कुमार त्रिपाठी द्वारा पंडरिया विकासखंड के वनांचल ग्राम पंचायत आगरपानी, पोलमी एवं भेलकी का सघन दौरा कर प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत निर्माणधीन आवासो का निरीक्षण किया ।निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत भेलकी के आश्रित ग्राम बदनाचुआ में पीएम जनमन के हितग्राहियों से संवाद करते हुए शासन के महत्वाकांक्षी योजना पर चर्चा कर निमार्णाधीन आवासों को जल्द से जल्द पूर्ण करने के लिए हितग्राहियों को प्रोत्साहित किया गया7 भ्रमण कार्यक्रम के दौरान जनपद पंचायत पंडरिया के प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री चित्रा यादव को निर्देशित किया कि जनमन आवास के लाभार्थियों को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के माध्यम से गैस कनेक्शन, आयुष्मान कार्ड एवं राशन कार्ड जैसे मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति कराया जाए। मैदानी कर्मचारियों को निर्देशित किया कि आवास निर्माण में जियोटैगिंग समय पर हो ताकि समय पर किश्त की राशि का भुगतान हो सके । निर्माण सामग्रियां समय पर उपलब्ध कराने के लिए हितग्राही को सतत सहयोग प्रदान करे। जनमन आवास निर्माण में महात्मा गांधी नरेगा योजना अंतर्गत 95 दिवस का रोजगार उपलब्ध कराने कहा गया।साथ ही समय पर मजदूरी भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए आवास निर्माण शासन द्वारा निर्धारित मापदंड अनुसार कराते हुए समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बीपीएम अरूना खेस्स को महिला स्व सहायता समूह के माध्यम से अतिरिक्त सेंटरिंग प्लेट की व्यवस्था करने के निर्देश देते हुए कहा गया कि सेंट्रिंग व्यवसाय से महिला समूह के लिए आजीविका संवर्धन के नए रास्ते खुलेंगे तथा हितग्राहियों को सेंट्रिक कार्य के लिए प्लेटगांव में ही आसानी से उपलब्ध हो सकेगा। निरीक्षण के दौरान अनुविभागी अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उप संभाग पंडरिया, जिला समन्वयक प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एन आर एल एम के बी पी एम,सरपंच, सचिव, तकनीकी सहायक रोजगार सहायक एवं आवास मित्र उपस्थित थे 7विदित है कि प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत विकासखंड पंडरिया में सर्वेक्षण के दौरान 4127 हितग्राही पात्र पाए गए । पत्र सर्वेक्षित परिवारों में से 3965 हितग्राहियों को आवास की स्वीकृति प्रदान की गई 7 स्वीकृति के विरुद्ध 3318 हितग्राहियों को प्रथम किस्त की राशि 40 हजार रुपए के मान, 2620 द्वितीय किस्त की राशि 60 हजार के मान से, 1450 हितग्राहियों को तृतीय किस्त की राशि 80 हजार रुपए के मान से एवं 274 हितग्राहियों को अंतिम किस्त की राशि 20 हजार के मान से उनके बैंक खाते में सीधे डीवीटी के माध्यम से अंतरित कर दी गई है। भ्रमण कार्यक्रम के उपरांत जनपद पंचायत पंडरिया के सभा कक्ष में मुख्य कार्यपालन अधिकारी अजय कुमार त्रिपाठी द्वारा समस्त तकनीकी सहायक मनरेगा एवं आवास योजना प्रकोष्ठ के समस्त अमले से आवास के प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान प्रथम किस्त प्राप्त अप्रारभ आवासों को प्लिंथ स्तर एवं तृतीय किस्त प्राप्त छत पूर्ण हो गए आवासों को पूर्ण दिनांक 30 जून 2025 तक करने के निर्देश दिए गए ।

### छोटी पुलिया के अगल-बगल दीवार न बनाने से दुर्घटना की आशंका

**भिलाई, 24 जून।** शिव सेना के राजू गुप्ता ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि कैलाश नगर एकता चौक के पास बने सीमेंटीकरण सड़क के नीचे बनी छोटी पुलिया जो पानी निकासी के लिए बनायी गयी है, उसके अगल-बगल दिवाल न बनने से दुर्घटना का खतरा बना रहता है। इस नाली के पास कोई संकेतक बोर्ड भी नहीं है। बरसात के समय सड़क पर पानी भरे रहने से यहाँ से गुजरने वाले स्कूली बच्चे, टू व्हीलर, फोर व्हीलर, ऑटो चालकों को पानी भरा होने के कारण नाली दिखाई नहीं देगी। यह चौक व्यस्त मार्ग रहवासी क्षेत्र होने के कारण दिन भर लोगों का आवागमन बना रहता है। कुछ दिन पूर्व ही एक स्कूटी चालक महिला अपनी गाड़ी सहित नाली में गिर गई थी।

# सतत अभ्यास कर और बेहतर चित्र बनाने का प्रयास करें:आशुतोष



**भिलाई, 24 जून।** भिलाई विद्यालय सेक्टर-2 में अंतर्शालेय ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य विजय सिंह पवार के स्वागत भाषण से हुआ। निर्णायक मंडल में शामिल आशुतोष ताम्रकार ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी विजेता हैं। बहुत छोटी-छोटी तकनीकी त्रुटियों के आधार पर निर्णय लेकर विजेता का चयन किया जाता है। सभी बच्चे बिना निराश हुए अपनी कला को सतत अभ्यास द्वारा और बेहतर बनाने का निरंतर प्रयास करें। इस दौरान भिलाई विद्यालय की छात्राओं द्वारा, संगीत शिक्षक सतीश मिश्रा एवं श्रीमती रजनी रजक के निर्देशन में एक मधुर स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। संचालन श्रीमती भावना चतुर्वेदी तथा धन्यवाद ज्ञापन श्रीमती सरिता कुमारी ने प्रस्तुत किया।

# गरीबों को पक्का मकान देने का सपना हो रहा साकार:चंद्रप्रकाश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 24 जून।** नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत चयनित हितग्राहियों को उनके नवनिर्मित होने वाले आवास के लिए भवन निर्माण की अनुज्ञा आज कार्यालय में प्रदान की। इस अवसर पर उन्होने सभी लाभार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर नपा उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, पार्षद प्रतिनिधि सोनु उपाध्याय भी उपस्थित रहे। अध्यक्ष चंद्रवंशी ने हितग्राहियों को योजना के तहत मिलने वाली कुल राशि, किस्तों की प्रक्रिया एवं भुगतान की समय-सारणी के बारे में विस्तृत जानकारी भी दी। उन्होंने कहा कि यह योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास के विजन को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने हितग्राहियों से आग्रह किया कि वे निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप में पूर्ण करें और स्वच्छ, सुरक्षित एवं सुदृढ़ आवास की ओर अग्रसर हों।नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह योजना देश के हर गरीब और बेघर व्यक्ति के लिए एक वरदान साबित हो रही है। इस योजना के माध्यम से अब हर पात्र व्यक्ति को पक्के छत का सपना साकार हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रारंभ की गई यह योजना सभी को आवास के संकल्प को मजबूती प्रदान कर रही है। अध्यक्ष चंद्रवंशी ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व वाली छत्तीसगढ़ सरकार की सक्रिय भागीदारी और पारदर्शी कार्यप्रणाली के चलते इस योजना का लाभ सीधे ज़रूरतमंद लोगों तक पहुँच रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की सतत निगरानी, समर्पण एवं विकास के प्रति प्रतिबद्धता के चलते नगर में प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन किया जा रहा है।

# जब भी कलम उठाएं हिंदी का करें उपयोग:निगम



भिलाई, 24 जून। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के वित्त एवं लेखा विभाग में सोमवार को राजभाषा कार्यशाला का आयोजन कार्यपालक निदेशक प्रवीन निगम के मुख्य आतिथ्य में किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक प्रमोद कुमार चोखानी उपस्थित थे । मुख्य अतिथि निगम ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि हमें हिंदी सहित अन्य समस्त भारतीय भाषाओं को भी बराबर सम्मान देना है। विभागीय कार्यों के लिए नोटशीट आदि में जहाँ तक संभव हो हिंदी में ही लिखें। आज अनेक भाषाएँ विलुप्ति की कगार पर हैं, हमारा दायित्व है कि हम जो भाषाएँ जानते हैं, उन समस्त भारतीय भाषाओं को प्रचलन में रखें। जब भी कार्यालयीन कार्यों के लिए कलम उठाएँ अथवा टायपिंग करें, हिंदी का ही उपयोग करें। उन्होंने कहा कि हिंदी के प्रति अनुराग तथा हिंदी में कामकाज केवल हिंदी पखवाड़ा या हिंदी दिवस तक ही सीमित ना रहे, हमें हर दिन हिंदी का प्रयोग करना है। विशिष्ट अतिथि प्रमोद कुमार चोखानी ने कहा कि हिंदी कार्यशाला हमारे भाषा के प्रति ज्ञान को बढ़ाता है। कार्यक्रम में महाप्रबंधकगण राजेश कुमार शर्मा, ललित खन्ना एवं एन.वी. सुब्बाराव, उप महाप्रबंधक सुश्री अमृता गंगराडे, प्रबंधक सुश्री नेहा रानी, उप प्रबंधकगण सुश्री आयुषी पुरोहित, सुश्री संजोला एवं सुश्री निकिता केशवानी, सुनील कुमार शर्मा, अनुभाग अधिकारी, सुश्री चन्द्रलता चन्द्राकर, वरिष्ठ स्टाफ सहायक, सुश्री शिखा दीक्षित, प्रशासनिक सहायक तथा अन्य विभागीय अधिकारी व कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### पॉलिटिकल अफेयर कमेटी की बैठक में शामिल हुए विधायक देवेंद्र



**भिलाई, 24 जून।** कांग्रेस की पॉलिटिकल अफेयर कमेटी की बैठक रायपुर में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ नेता एवं राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने की। बैठक में आगामी रणनीतियों, संगठनात्मक मजबूती, और राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के दौरे की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, वरिष्ठ विधायक देवेंद्र यादव तथा अन्य प्रमुख पदाधिकारी गण मौजूद रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ में पार्टी की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करना, जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने की दिशा में सुझाव लेना, तथा कार्यकर्ताओं के मनोबल को बनाए रखने हेतु समन्वय स्थापित करना था। सचिन पायलट ने कहा कि कांग्रेस पार्टी राज्य में फिर से जनता का विश्वास जीतने हेतु प्रतिबद्ध है।

# स्वच्छता रैंक में अव्वल आने हमको बनानी होगी कार्ययोजना :आयुक्त



**भिलाई, 24 जून।** नगर पालिक निगम भिलाई में स्वच्छता रैंक अव्वल बनाने सभागार में बैठक बुलाई गई। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने उपस्थित अधिकारियों को बताया कि इंदौर जैसे बड़े शहर का स्वच्छता रैंक में अव्वल आने के पीछे उनकी इमानदारीपूर्वक मेहनत, दृढ़ इच्छाशक्ति और प्लानिंग है। इसी तरह हम सभी को भी कार्ययोजना बनाना होगा, जिससे भिलाई शहर को स्वच्छता में अव्वल बनाया जा सके। आयुक्त ने बैठक में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाने को प्राथमिकता बताया, जिससे निकलने वाले अपशिष्ट का वैज्ञानिक तरीके से उपचार हो सके। स्कूलों व कालोनियों का भ्रमण कर स्वच्छता के प्रति शिक्षकों, छात्रों एवं नागरिकों को जागरूक करना है। डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन प्रतिदिन निर्धारित समय अनुसार करने हेतु सिस्टम हाइटेक करना होगा। आवश्यक घरेलू कपड़ो से बना थैला उपयोग में लाना होगा, जिससे शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने में सफलता मिलेगा। पुराने वाहनो के जगह नया वाहन क्रय करना है, जिससे पर्यावरण प्रदुषण को रोका जा सके। राजस्व बढ़ाने 100 प्रतिशत करों की वसूली को प्राथमिकता देते हुये डाटा सुधार का कार्य करना होगा। संपत्तिकर हेतु गलत स्व-विवरणी भरे जाने पर 5 गुणा अतिरिक्त अधिभार लिया जाना है, जिसके लिए कार्यवाही शुरू कर दी गई है। संपत्तिकर की जानकारी गलत भरने पर शिकायत किया जाना है, जिसके लिए निगम का अलग से हेल्पलाइन नंबर जारी किया जाना है। निगम से लीज पर लिए भूखण्डों पर मकान/दुकान निर्माण नहीं करने वालों का अनुबंध निरस्त करते हुये जरूरतमंदों को भूखंड उपलब्ध कराया जाएगा। निर्माण हेतु अंतिम तिथि 31.03.2026 है, उक्त अवधि तक भवन निर्माण किया जाना आवश्यक है। निगम क्षेत्र के रिक्त स्थानों पर दुकान, भवन निर्माण कर किराए में दिया जाएगा, जिससे निगम की आय में वृद्धि हो सके। म्युनिसिपल बॉन्ड लागू करना अनिवार्य होगा। अनावश्यक व्यय में कमी करते हुये, आय बढ़ाने वाले कार्यो को प्राथमिकता देना है। अनुभवी जनप्रतिनिधियों से आवश्यकता अनुसार सलाह लेना आवश्यक है। सकारात्मक सोच रखते हुये अपने व्यवहार परिवर्तन में कार्य करना है, जैसे प्लास्टिक के जगह थैले का उपयोग करना होगा। नगर वन योजना के तहत ग्राम सेमरिया में 25 एकड़ भूमि पर वृहद वृक्षारोपण किया जाना है, जिससे भविष्य मे आय हो सके।

### स्व. भसीन ने अपने कार्यकाल में जरूरतमंदों के लिए कराये विभिन्न कार्य: रमन सिंह



**भिलाई, 24 जून।** वैशाली नगर के पूर्व विधायक स्व. दाऊ विद्यारतन भसीन की द्वितीय पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी याद में समाधान एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन गायत्री मंदिर मैदान रामनगर में किया गया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद विजय बघेल, पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेम प्रकाश पाण्डेय, वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, भाजपा भिलाई जिला अध्यक्ष पुरूषोत्तम देवांगन, आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, जोन आयुक्त येशा लहरे, नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, पार्षद दया सिंह, संतोष मौर्य, सीजू एन्थोनी, लक्ष्मीपति राजू, राजेश चैधरी, ललित मोहन एवं नागरिकों की उपस्थिति में श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने वक्तव्य में बताया कि भसीन जी अपने कार्यकाल में जरूरत मंदो के लिए अलग-अलग क्षेत्रों में विभिन्न कार्य कराये। उन्होने भिलाई के नागरिको को शासन की योजनाओं का भरपुर लाभ दिलाए, उनके हितो को ध्यान में रखकर कार्य किए। भसीन जी नागरिको के बीच हमेशा उनके साथ खड़े रहते थे। किसी प्रकार की समस्या आने पर तत्काल उसका निराकरण कराते रहे है। उन्होने भिलाई को अनेको सौगात दिए जैसे- शिवनाथ नदी से पाइप लाईन डालकर 66 एम.एल.डी. की स्थापना एवं हर घर नल से जल की व्यवस्था। मुक्तिधाम में 101 रुपये में दाह संस्कार की व्यवस्था। वैशाली नगर कालेज के सामने गौरव पथ का निर्माण, बोगदा पुलिया से दुर्ग अंडर ब्रिज तक एम.आर. रोड का निर्माण, सियान सदन की स्थापना कराये। नेहरू नगर भेलवा तालाब एवं रूआबांधा तालाब का निर्माण एवं सौंदर्यीकरण, लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल का उन्नयन कार्य।

### आयुक्त ने सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के दिए निर्देश



**भिलाई, 24 जून।** आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जोन-1 नेहरू नगर क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने वार्ड क्रं. 11 फरीद नगर में पूर्व निर्मित अल्पसंख्यक भवन की साफ-सफाई के अलावा आवश्यक ग्रिल गेट का कार्य कराने जोन आयुक्त को निर्देशित किया। समीपस्थ निर्माणाधीन सामुदायिक भवन का मुआयना कर एजेंसी को निर्माण कार्य समय सीमा में पूर्ण करने के साथ गुणवत्ता को बनाए रखने हेतु निर्देशित किए। सुपेला सब्जी मंडी बाजार में स्थल की साफ-सफाई व्यवस्था में सुधार के साथ अवैध दुकानों को लेकर चर्चा किए। इस दौरान जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, सहायक अभियंता पुरुषोत्तम सिन्हा, उपअभियंता बसंत साहू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, स्वच्छता निरीक्षक कमलेश द्विवेदी एवं अन्य कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# जशपुर में पहली बार होगा एग्री-हॉटी क्रेता-विक्रेता सम्मेलन

- जशपुर में पहली बार जैविक उत्पादों को मिलेगा राष्ट्रीय बाजार लगाया जाएगा
- कांट्रेक्ट फार्मिंग व फूड प्रोसेसिंग से बढ़ेगा स्वरोजगार

**रायपुर, 24 जून।** कृषि क्रांति अभियान के तहत यह दो दिवसीय सम्मेलन 28 और 29 जून को जिला पंचायत परिसर, जशपुर में आयोजित होगा, जिसका उद्देश्य जिले के किसानों को राष्ट्रीय स्तर पर बाजार से जोड़ते हुए उनके उत्पादों को बेहतर दाम दिलाना है। जशपुर जिले में कृषि, उद्यानिकी और रेशम उत्पादन को प्रोत्साहन देने हेतु जिला प्रशासन द्वारा पहली बार एग्री-हॉटी क्रेता-विक्रेता सम्मेलन 2025 का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन के पहले दिन क्रेता-विक्रेता परिचय सत्र, फसल संग्रहण, संरक्षण और प्रसंस्करण संबंधी तकनीकी जानकारियों के साथ ही कृषि, उद्यानिकी, रेशम और वनोपज के निर्यात को बढ़ावा देने के



लिए गुणवत्ता मानकों, नियमों एवं विपणन व्यवस्था की जानकारी दी जाएगी। साथ ही विविध फसलों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

दूसरे दिन, 29 जून को देश के विभिन्न राज्यों से आए उद्यमियों द्वारा जिले के खेतों और उत्पादों का प्रत्यक्ष भ्रमण कराया जाएगा, जिससे वे किसानों के उत्पादों को जान सकें और संभावित करार कर सकें। यह किसानों और कंपनियों के बीच एफ.पी.ओ. (किसान उत्पादक संगठन) के माध्यम से सीधा संवाद और विपणन की दिशा में अहम कदम होगा। इससे बिचौलियों की भूमिका खत्म होगी और किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिलेगा। जिला प्रशासन ने जानकारी दी है कि इस सम्मेलन में कृषि, उद्यानिकी, वनोपज और रेशम क्षेत्र से जुड़े राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय प्रतिष्ठानों, निर्यातकों, विशेषज्ञों और लघु वनोपज संघ के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। जशपुर जैविक खेती, रेशम पालन और वन औषधियों के लिए पहले से ही प्रसिद्ध है, ऐसे में इस आयोजन के माध्यम से स्थानीय उत्पादों को देश के बड़े बाजारों से जोड़ा जा सकेगा।

## समाचार संक्षेप

### सोख्ता गड्ढा पानी को बर्बाद होने से बचाता है और भूजल स्तर को बढ़ाने में करता है मदद



**छुरिया, 24 जून।** वर्षा के जल को संरक्षण करने के उद्देश्य से हर गांव घर में सोखता गढ्ढ़ा बनाने व वृक्षारोपण करने दो दिवसीय महाअभियान चलाया जा रहा है।जिसकी शुरुआत आज भंडारपुर से की गई। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने ग्रामवासी के घर में खोख्ता गढ्ढ़ा बनाकर अभियान की शुरुआत की। व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने कहा कि सोख्ता गड्ढा पानी को बर्बाद होने से बचाता है और भूजल स्तर को बढ़ाने में मदद करता है।सोख्ता गड्ढा पर्यावरण को साफ रखने में मदद करता है क्योंकि यह गंदे पानी को साफ करके जमीन में रिसने देता है. जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव ने सभी से आवाहन किया कि अपने अपने घरो पर खोख्ता गढ्ढ़ा बनाकर वर्षा के जल का संरक्षण करें क्योंकि जल है तो कल है। साथ ही एक पेड़ मां के नाम जरूर लगाएं क्योंकि वृक्ष से हमें फल फूल व शुद्ध आक्सीजन प्राप्त होता है। साथ ही इस अवसर पर प्लास्टिक मुक्त गांव बनाने का भी जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव द्वारा अवाहन किया गया।अवसर पर जनपद पंचायत सभापति उत्तरा निषाद,सीमा चन्द्रवंशी संरपच,दसरथ चंद्रवंशी ग्राम पटेल, रमेश चंद्रवंशी,मुनबाई चंद्रवंशी, यशोदा पटेल, यशोदिया साहु,चुनुराम साहु, गैंदालाल साहु, सावित्री चंद्रवंशी, संजू साहु पंच, हेमंत साहु आवास समन्वयन, धनंजय जंगीर, दुर्गा सिन्हा पीआपी, दीपा सिन्हा,खिलेश्वरी सिन्हा,समेत ग्रामवासी उपस्थित थे।

### माध्यमिक शाला अमाली की छात्रा मनिका कोसरे का प्रयास आवासीय विद्यालय में चयन

**नगरी, 24 जून।** शासकीय माध्यमिक शाला अमाली के मेधावी छात्रा



कुमारी मनिका कोसरे पिता श्री राजेंद्र कुमार कोसरे का प्रयास आवासीय विद्यालय चयन परीक्षा में मेरिट सूची में चयनित होने पर शाला परिवार एवं माध्यमिक शाला अमाली के प्रभारी प्रधान पाठक हर्ष लता साहू, शिक्षक लक्ष्मी साहू शतरूपा नाग , श्वेता सिंह, गंगा नवरंग , चंद्र कुमारी नवरंग , सिद्धेश्वर साहू,नीलिमा साहू संकुल के समस्त शिक्षक ,शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रेखा कोसरे,सरपंच हिरोंदी ध्रुव,जीत बाई सेन,भोज राज कश्यप जगन्नाथ कश्यप,विष्णु साहू ,रतन कोसरे एवं समस्त ग्रामवासियों ने बधाई एवं शुभकामनाये दिया है। छात्रा मनिका कोसरे ग्राम अमाली के एक सामान्य परिवार में रहकर अपनी मेहनत और लगन से राष्ट्रीय छात्रवृति परीक्षा,प्रयास परीक्षा में अपना स्थान बनाया है।

### आपातकाल लोकतंत्र का काला अध्यायः वैष्णव

**छुरिया, 24 जून।** जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने कहा कि 25 जून 1975 का दिन हमारे देश के लिए काल



आध्याय है। इस दिन तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने आपातकाल के दौरान तानाशाह सरकार ने लोगों को असंख्य यातनाएं दीं और मीडिया की आवाज को दबा दिया। हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने हर वर्ष 25 जून को %संविधान हत्या दिवस% मनाने का निर्णय लिया है।%संविधान हत्या दिवस% लोकतंत्र को पुनर्जीवित करने के लिए संघर्ष करने वाले लाखों लोगों के सम्मान का प्रतीक है।25 जून 1975 को आपातकाल लगाकर भारतीय लोकतंत्र की आत्मा का गला घोंट दिया गया था और लाखों लोगों को अकारण सलाखों के पीछे डाल दिया गया था।25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री ने तानाशाही मानसिकता का परिचय देते हुए देश पर आपातकाल थोपकर लोकतंत्र की आत्मा का गला घोंट दिया था। लाखों लोगों को बिना किसी गलती के जेल में डाल दिया गया और मीडिया की आवाज़ को दबा दिया गया। भारत सरकार ने हर साल 25 जून को %संविधान हत्या दिवस% के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। यह दिन 1975 के आपातकाल के अमानवीय दर्द को सहने वाले सभी लोगों के महान योगदान को याद करेगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा लिए गए इस निर्णय का उद्देश्य उन लाखों लोगों की भावना का सम्मान करना है, जिन्होंने दमनकारी सरकार के हाथों अकल्पनीय उत्पीड़न का सामना करने के बावजूद लोकतंत्र को पुनर्जीवित करने के लिए संघर्ष किया।

### कांग्रेस की पॉलिटिकल अफेयर कमेटी बैठक में शामिल हुए विधायक देवेंद्र यादव

**रायपुर, 24 जून।** आज रायपुर में कांग्रेस की पॉलिटिकल अफेयर कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ नेता एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री श्री सचिन पायलट ने की। बैठक में आगामी रणनीतियों, संगठनात्मक मजबूती, और राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के दौरे की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, वरिष्ठ विधायक देवेंद्र यादव, तथा अन्य प्रमुख पदाधिकारीगण मौजूद रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ में पार्टी की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करना, जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने की दिशा में सुझाव लेना, तथा कार्यकर्ताओं के मनोबल को बनाए रखने हेतु समन्वय स्थापित करना था। सचिन पायलट ने कहा कि कांग्रेस पार्टी राज्य में फिर से जनता का विश्वास जीतने हेतु प्रतिबद्ध है। हम सबको मिलकर संगठन को मजबूत बनाना है और जनता से सीधे संवाद करना है।

### बीरगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव के बाद महिला की मौत, डॉक्टर निलंबित

**रायपुर, 24 जून।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बीरगांव में प्रसव के बाद महिला की मौत के मामले में स्वास्थ्य विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अंजना कुमार को निलंबित कर दिया है। जांच में सामने आया कि डिलीवरी के बाद रात के समय अस्पताल में कोई भी चिकित्सा अधिकारी ड्यूटी पर मौजूद नहीं था। इसके अलावा डॉ. अंजना कुमार ने मरीज की हालत का जरूरी फॉलोअप नहीं लिया, जिससे लापरवाही के चलते प्रसूता की मौत हो गई। निलंबन अवधि में डॉ. अंजना कुमार को मुख्यालय में ही रहना होगा और वे सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना मुख्यालय नहीं छोड़ सकेंगी। इस दौरान उन्हें नियमानुसार निर्वाह भत्ता दिया जाएगा।

### राज्य ओपन स्कूल की परीक्षाएं 18 अगस्त से

**रायपुर, 24 जून।** छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल रायपुर में अगस्त सितंबर 2025 सत्र की कक्षा दसवीं एवं बारहवीं की परीक्षाओं के लिए समय सारिणी घोषित कर दी है। निर्धारित कार्यक्रमों के अनुसार उक्त परीक्षाएं 18 अगस्त से शुरू होकर 3 सितंबर को समाप्त होंगी। दसवीं की परीक्षा 18 अगस्त से 1 सितंबर तक एवं बारहवीं की परीक्षा 18अगस्त से 3 सितंबर तक चलेंगी। परीक्षाएं सुबह 8.30 बजे से 11.45 बजे तक एक ही पाली में आयोजित की गई है। परीक्षा की जानकारी समीपवर्ती अध्ययन केंद्र से अभ्यर्थी प्राप्त कर सकते हैं।

## एक नजर

### श्यामा प्रसाद मुखर्जी को पुण्यतिथि पर विधायक सुनील सोनी ने किया नमन



**रायपुर, 24 जून।** आज पूर्व केन्द्रीय मन्त्री डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनकी पुण्यतिथि पर राजधानी शहर रायपुर के जीईमार्ग के किनारे स्थित प्रतिमा के समक्ष नमन करने नगर पालिक निगम रायपुर के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में नगर निगम जोन क्रमांक 2 के सहयोग से आयोजन रखा गया। नगर निगम के पुष्पांजलि आयोजन में पहुंचकर पूर्व केन्द्रीय मन्त्री डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी को पुण्यतिथि पर प्रतिमा स्थल के समक्ष पहुंचकर प्रमुख रूप से रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी, रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, नगर निगम सभापति सूर्यकान्त राठौड़, छग नागरिक आपूर्ति निगम अध्यक्ष संजय वास्तव, छग औद्योगिक विकास निगम अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, छग राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा, रायपुर शहर जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर, नगर निगम संस्कृति विभाग अध्यक्ष अमर गिदवानी, एमआईसी खेम कुमार सेन, जोन 4 जोन अध्यक्ष मुरली शर्मा,जोन 10 जोन अध्यक्ष सचिन बी. मेघानी, वार्ड पार्षद आशु चंद्रवंशी, राजेश गुप्ता, छग राज्य ब्रेवरेज कारपोरेशन के पूर्व अध्यक्ष सच्चिदानंद उपासने, पूर्व शहर भाजपा अध्यक्ष जयंती भाई पटेल, पूर्व पार्षद मित्रसेन धीमान, मदरसा बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष यूनुस कुरैशी, उर्दू अकादमी के पूर्व उपाध्यक्ष रिजवान पटवा, सामाजिक कार्यकर्ता किशोर महानन्द सहित बडी संख्या में विशिष्टजनों, गणमान्यजनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, महिलाओं, नवयुवकों, आमजनों ने नमन किया।

### प्रभारी अपर आयुक्त एवं अधीक्षण अभियंता ने समीक्षा बैठक की

**रायपुर, 24 जून।** आज नगर निगम रायपुर के आयुक्त विष्वदीप के निर्देष पर नगर निगम मुख्यालय में प्रभारी अपर आयुक्त मती कृष्णा खटीक एवं अधीक्षण अभियंता संजय बागडे ने सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियंता बद्री चंद्राकर कार्यपालन अभियंता जल नरसिंह फरेन्द्र की उपस्थिति में सभी जोनो के जल विभाग के सहायक अभियंताओ और उपअभियंताओं की उपस्थिति में बैठक लेकर जल कार्य विभाग की कार्य समीक्षा करते हुए अभियंताओं को आवष्यक निर्देष दिये। प्रभारी अपर आयुक्त ने निर्देषित किया कि जलविभाग के अभियंतागण स्वीकृति अनुसार योजना में विभिन्न जोनो द्वारा बिछाई जा रही डिस्ट्रीब्युषन पाईप लाईन को सर्वे के बाद पानी टंकी से कनेक्ट करें ताकि शीघ्र नागरिको को सुव्यवस्थित जलापूर्ति की जा सके। जलापूर्ति करने के बाद उक्त क्षेत्रो को शीघ्र टैंकर मुक्त क्षेत्र घोषित करने की प्रषासनिक तैयारियां करे। प्रभारी अपर आयुक्त और अधीक्षण अभियंता ने अभियंताओं के निर्देषित किया है कि नालियों के भीतर गई पाईप लाईनो को तत्काल सुरक्षित रूप से षिफ्ट करें और इसके साथ ही जोनो की टीमें जहां भी पाईप लाईन लीकेज मिले उन्हें तत्काल प्राथमिकता से सुधारने का कार्य करवाये। शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुगम तरीके से करवाना सुनिष्चित किया जाये।

### अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**रायपुर, 24 जून।** तेलीबांधा थाना पुलिस ने सूरज नगर लाभांडी के पास दबिश देकर अवैध शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 8 नग केन बीयर व बिक्री रकम 1 हजार रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार तेलीबांधा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सूरजनगर लाभांडी के पास दबिश देकर आरोपी रोहित सिन्हा 34 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 8 नग केन बीयर शराब और बिक्री रकम 1 हजार रुपए जब्त किया है।

### राज्यपाल से सरगुजा सांसद महाराज ने सौजन्य भेंट की

**रायपुर, 24 जून।** राज्यपाल रमेन डेका से आज यहां राजभवन में सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज ने सौजन्य भेंट की। रायपुर दौरे पर सचिन पायलट, कांग्रेस की मैराथन बैठक में गहमागहमी, भूपेश बघेल और सीनियर नेताओं के बीच तीखी चर्चा कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट दो दिवसीय दौरे पर रायपुर पहुंचे। इस दौरान राजीव भवन में पार्टी की एक अहम बैठक हुई, जिसमें प्रदेश कांग्रेस के प्रमुख नेताओं के बीच जमकर बहस और असहमति देखने को मिली। बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अनुशासनहीनता पर नाराजगी जताई और स्पष्ट शब्दों में कहा कि कोई भी नेता जब चाहे जो बयान दे देता है, लेकिन इस पर कोई कार्रवाई नहीं होती।

अस्पतालों को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश

# छत्तीसगढ़ में फिर बढ़ा कोरोना का खतरा, 3 मौतों के बाद प्रशासन सतर्क

**डोंगरगढ़, 24 जून।** राजनांदगांव जिले में एक बार फिर से कोरोना संक्रमण ने रफ्तार पकड़नी शुरू कर दी है। पिछले 20 दिनों में कोरोना से तीन लोगों की मौत हो चुकी है जिसके बाद जिला प्रशासन पूरी तरह से सतर्क हो गया है। हालांकि मृतकों में से सभी पहले से ही गंभीर बीमारियों से ग्रसित थे लेकिन कोरोना संक्रमण के चलते उनकी हालत और बिगड़ गई। फिलहाल जिले में दो सक्रिय कोरोना मरीज हैं, लेकिन बढ़ते संक्रमण की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने एहतियातन सभी जरूरी कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। जिला प्रशासन की ओर से इस संबंध में एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई जिसमें स्वास्थ्य विभाग, जिला अस्पताल और निजी अस्पतालों के




प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी सरकारी व निजी अस्पतालों में कोरोना मरीजों के लिए अलग से वार्ड बनाए जाएंगे ताकि ज़रूरत पड़ने पर मरीजों को तुरंत भर्ती किया जा सके। इसके साथ ही अस्पतालों को सभी जरूरी संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि वे कोरोना गाइडलाइंस का सख्ती से पालन करें। सार्वजनिक स्थलों पर मास्क पहनना, हाथों की स्वच्छता बनाए रखना और भीड़-भाड़ से बचना अत्यंत आवश्यक है। प्रशासन ने यह भी संकेत दिया है कि अगर हालात बिगड़ते हैं तो कुछ प्रतिबंधात्मक उपायों पर भी विचार किया जा सकता है। डोंगरगढ़ कोरोना संक्रमण÷ की वर्तमान स्थिति में दो सक्रिय मरीज हैं, और पिछले 20 दिनों में तीन लोगों की मौत हो चुकी है। डोंगरगढ़ कोरोना संक्रमण÷ में जिन लोगों की मृत्यु हुई, वे पहले से गंभीर बीमारियों से ग्रसित थे, लेकिन कोरोना से उनकी स्थिति और बिगड़ गई।

## दुर्ग-भिलाई के 45 गांवों के लोगों ने प्लास्टिक से की तौबा

**दुर्ग-भिलाई, 24 जून।** जिले के 45 गांवों की ग्राम सभाओं ने एक महत्वपूर्ण फैसला लिया है। अब गांवों में शादी, सगाई, छठी, मृत्यु भोज और अन्य सामूहिक आयोजनों में डिस्पोजल थाली, कटोरी, गिलास और चम्मच का उपयोग पूरी तरह बंद होगा। इसके बजाय, गांव के बर्तन बैंक से बर्तनों का उपयोग किया जाएगा। ग्राम सभा के इस फैसले से अधिकांश ग्रामीण सहमत हैं। यदि कोई परिस्थिति का हवाला देकर नियम तोड़ने की कोशिश करता है, तो पहले उसे समझाइश दी जाएगी। फिर भी नहीं मानने पर जुर्माना वसूला जाएगा।



**जिला प्रशासन का प्लास्टिक मुक्त अभियान जोरों पर**-जिला प्रशासन का गांवों को प्लास्टिक मुक्त बनाने का अभियान तेजी पकड़ रहा है। जिले के 300 गांवों में से 45 में बर्तन बैंक स्थापित हो चुके हैं। जिला पंचायत के सीईओ बजरंग दुबे के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे जागरूकता अभियान का ही नतीजा है कि ग्रामीण अब डिस्पोजल सामग्री का उपयोग छोड़ रहे हैं। इस अभियान में महिला स्व-सहायता समूहों की भूमिका अहम है, जो प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के बारे में ग्रामीणों को जागरूक कर रही हैं।

**स्वच्छ भारत मिशन के तहत बर्तन बैंक की शुरुआत**-सीईओ बजरंग दुबे ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत सामाजिक और पारिवारिक आयोजनों में डिस्पोजल सामग्री पर प्रतिबंध लगाने और हर गांव में बर्तन बैंक स्थापित करने का अभियान चल रहा है। अब तक 45 गांवों में बर्तन बैंक शुरू हो चुके हैं। दुर्ग, धमधा और पाटन जनपद पंचायतों में हर महीने 10 से 15 नए गांवों में बर्तन बैंक खोलने का लक्ष्य है। उदाहरण के तौर पर, ग्राम पचपेड़ी में जागृति महिला स्व-सहायता समूह ने बर्तन बैंक शुरू किया है। समूह ने 7,000 रुपए में 100 थालियां और 50 गिलास खरीदकर शुरुआत की। समूह की अध्यक्ष मनीषा चंद्राकर, लक्ष्मी चंद्राकर और शांता चंद्राकर ने बताया कि गांव में सिल्वर पत्तल, डिस्पोजल गिलास, कटोरी और चम्मच का उपयोग काफी कम हो गया है।

## अलग-अलग क्षेत्र से चार दोपहिया वाहन पार

**रायपुर, 24 जून।** अलग-अलग थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने चार दोपहिया वाहन पार कर दिया। चारों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मंदिरहसौद रावणभाठा नकटी निवासी मोहित महतो 28 वर्ष ने तेलीबांधा थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 पीएम 1087 को लाभांडी शराब दुकान के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 25 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है।

वहीं दूसरे मामले में कचना खम्हारडीह निवासी मनीष सागर 32 वर्ष ने अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एलएन 2053 को मेकाहारा आंबेडकर अस्पताल परिसर में खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत 16 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। इसी तरह तीसरे मामले में अवंति विहार तेलीबांधा निवासी राजेश कुर्रे 36 वर्ष ने देवेन्द्र नगर थाना में शिकायत किया कि वह अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 22 जी 5784 को सिटी सेंटर मॉल के पीछे खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 12 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं सुहेला बलौदाबाजार निवासी प्रदीप कुमार साहू ने नेवरा थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 जेएफ 4605 को ग्राम कोटा में खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। पुलिस ने सभी चारों मामलों में अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## पुलिस ने अंतर्राज्यीय फरार आरोपी को किया गिरफ्तार

**रायपुर, 24 जून।** रायपुर पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतरराज्यीय फरार आरोपी गुरुदेव सिंह को गिरफ्तार कर लिया है, जिस पर कुल 09 स्थाई वारंट लंबित थे। आरोपी को पंजाब से प्रोटेक्शन वारंट पर रायपुर लाया गया है। आरोपी गुरुदेव सिंह पिता जनरैल सिंह, उम्र 22 वर्ष, मूल निवासी ग्राम तारीवाल, जिला अमृतसर (पंजाब) है, जो पहले रायपुर के वीर सावरकर नगर, हीरापुर क्षेत्र में निवास करता था। आरोपी के खिलाफरायपुर जिले के विभिन्न थानों ङ्क थाना आमानाका, थाना सिविल लाइन, थाना सरस्वती नगर एवं थाना कबीर नगर में गंभीर अपराध पंजीबद्ध हैं। थाना आमानाका में गुरुदेव सिंह के विरुद्ध कुल चार स्थाई वारंट जारी किए गए थे, जिनमें अपराध क्रमांक 82/2014, 83/2014, 86/2014 धारा 392 भादवि एवं अपराध क्रमांक 13/2016 धारा 34(2) आबकारी एक्ट शामिल हैं। थाना सिविल लाइन से दो स्थाई वारंट अपराध क्रमांक 274/2011 धारा 380, 34 भादवि एवं अपराध क्रमांक 708/2016 धारा 299 जा.फौ. के तहत जारी किए गए। थाना सरस्वती नगर से एक वारंट अपराध क्रमांक 341/12 धारा 294, 506, 323, 34 भादवि में तथा थाना कबीर नगर से दो वारंट अपराध क्रमांक 47/2015 एवं 113/2015 (धारा 294, 506, 323, 34 भादवि एवं 34(2) आबकारी एक्ट) के अंतर्गत जारी किए गए थे।

## आरएसएस प्रचारक बीआर किन्हेंकर ने युवाओं को दिलाया नित्य योग करने का संकल्प

**रायपुर, 24 जून।** विश्व योग दिवस के अवसर पर नूतन स्कूल टिकरापारा में आयोजित विशाल योग शिविर में 500 से अधिक प्रदेश के युवाओं ने, प्रतिदिन जीवन में योग करने का संकल्प लिया। यह संकल्प युवाओं ने, ÷राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ÷ के वरिष्ठ प्रचारक और चिंतक बी.आर.किन्हेंकर के आवाह्न पर लिया। कार्यक्रम का आयोजन समाजसेवी संस्था विकास परिषद और राष्ट्रीय दिशा मंच के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बी.आर.किन्हेंकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि योग दिवस मनाने का नहीं बल्कि जीवन में



उतारने के लिए है। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं से कहा हमारे सैनिक राष्ट्र की रक्षा के लिए सीमाओं पर लड़ रहे हैं, तो हमें भी राष्ट्र निर्माण के लिए व्रत लेना चाहिए। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि युवा जीवन में सफल होने और राष्ट्र सेवा करना चाहते हैं, तो अभी इसी वक्त से वे प्रतिदिन जीवन में योग करने का व्रत लें। उनके आवाह्न पर एक स्वर में मैदान में उपस्थित 500 से अधिक युवाओं ने दृढ़ प्रतिज्ञा की कि वे ऐसा करने अमोघ व्रत लेते हैं।

# मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय की पहल से श्रवण दोष पीड़ित बुंदा लकड़ा को मिला श्रवण यंत्र

- नई जिंदगी की शुरुआत से भावुक हुईं लाभार्थी

**रायपुर, 24 जून।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर स्थापित बगिया स्थित मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान और आवश्यक सहायताएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निरंतर सक्रिय है। इसी क्रम में जशपुर जिले के पत्थलगांव तहसील अंतर्गत ग्राम पाकरगांव निवासी श्रवण बाधित श्रीमती बुंदा लकड़ा को श्रवण यंत्र प्रदान कर राहत पहुंचाई गई। श्रीमती लकड़ा ने कैंप



कार्यालय में आवेदन देकर अपनी समस्या साझा की थी। उन्होंने बताया कि सुनने में असमर्थता के कारण उन्हें दैनिक जीवन में अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उनके आवेदन को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय द्वारा तत्काल कार्रवाई की गई और संबंधित टीम ने उनके गांव पहुंचकर उन्हें श्रवण यंत्र प्रदान किया। श्रवण यंत्र मिलने पर श्रीमती बुंदा लकड़ा ने अत्यंत खुशी जाहिर करते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह सहयोग उनके लिए 'एक नई जिंदगी की शुरुआत' जैसा है।

## संपादकीय

### युध्द विराम से ट्रंप को होगा लाभ

*अमरीका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फिर एक बार अपनी तरफ से युध्द विराम की घोषणा कर दी है। उन्होंने कहा है कि ईरान व इजराइल के बीच 12 दिन से चल रहा युध्द 24 घंटे के अंदर बंद हो जाएगा। इसी के साथ एक ऐसी जंग बंद हो जाएगी जिसके बढ़ने पर दुनिया के कई हिस्से लड़ाई की चपेट में आ सकते थे। ट्रंप ने सोशल मीडिया में दोनो पक्षों को बधाई दी है कि दोनों ने सहनशक्ति,साहस और बुध्दिमत्ता दिखाई और इस वजह से जो युध्द कई वर्षों तक चल सकता था वह समाप्त हो गया है। ट्रंप के इस युध्द विराम की घोषणा से यह याद आना स्वाभाविक है कि उन्होंने इसी तरह से भारत-पाक के बीच भी युध्दविराम की घोषणा कर दी थी और कहा था यह युध्दविराम उनकी मध्यस्थता से हुआ था। इसका पाक ने तो विरोध नहीं किया था लेकिन भारत ने इसका कड़ा विरोध किया था कि युध्दविराम ट्रंप के कहने पर नहीं पाकिस्तान के आग्रह पर हुआ था।अब दूसरी बार उन्होंने फिर अपनी तरफ से युध्दविराम की घोषणा कर दी। यह युध्दविराम की घोषणा कायदे से इजराइल व ईरान की तरफ से होनी थी लेकिन ट्रंप पिछली बार की तरह मैंने युध्दविराम कराया, यह श्रेय लेने के लोभ से बच नहीं पाए और सीधे तौर पर नहीं तो घुमाफिरा कर श्रेय ले ही लिया है कि इजराइल ईरान के बीच युध्दविराम मेरे ही कारण हुआ है। दोनों के बीच युध्द शुरू भी तो अमरीका के इशारे पर हुआ था। कोई माने या न माने, कोई चाहे या न चाहे ट्रंप खुद को दुनिया के सामने शांति के मसीहा के रूप में पेश करते रहते हैं और चाहते हैं कि इसके लिए उन्हें शांति का नोबल पुरस्कार दिया जाना चाहिए। वह शांति का नोबल पुरस्कार इसलिए भी चाहते हैं कि अमरीका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा को 2009 में मिला है और विश्व शांति के लिए उन्होंने बराक ओबामा से ज्यादा प्रयास किया है। इसलिए वह भी विश्व में शांति के लिए नोबल पुरस्कार चाहते हैं। इसी इच्छा के चलते वह जब भी मौका मिलता है युध्द विराम की घोषणा खुद ही करते हैं और कहते भी हैं मेरी मध्यस्थता से युध्द विराम हुआ है।*

## राशिफल

**मेष:** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपका मित्र आपसे मिलने आपके घर आ सकता है, जिसे सामने देखकर आपको यकीन नहीं होगा, मित्र से कुछ निजी समस्याओं पर बात करके आपको हल्का महसूस होगा। इस राशि के इंजीनियर्स के लिए दिन बढ़िया होने वाला है, आपको अच्छा फायदा होने के योग हैं। साझेदारी में किसी डील को फाइनल करना आपके लिए अच्छा रहेगा और आपके औद्योगिक मामले सुधरेंगे।

**वृष:** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहेगा। आज स्पोर्ट्स से जुड़े लोग अपनी ट्रेनिंग में पूरी मेहनत करेंगे। कोरियर का बिज़नेस कर रहे कारोबारियों को आज फायदा होगा। आज विद्यार्थी प्रैक्टिकल को पूरा करने में सीनियर्स की मदद लेंगे। परिवार में सुख संतोष बढ़ेगा, स्वास्थ्य आज पहले से बेहतर रहेगा। नवविवाहित जीवनसाथी आज धार्मिक स्थल पर जाने का विचार करेंगे।

**मिथुन:** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज परिवार में आपकी तारीफ होगी और आपके काम करने की स्किल को सराहना मिलेगी। आज आपके जीवन में कुछ बदलाव आ सकते हैं जो आपके लिए बढ़िया साबित होंगे। आज आपको किसी काम को करने के लिये ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। जो लोग होटल या रेस्टोरेंट जैसे बिजनेस से जुड़े हैं, उनके लिए आज का दिन पहले से बेहतर रहेगा।

**कर्क:** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। परिवार में आपके अच्छे काम की तारीफ़ होगी। महिलाओं के लिए आज का दिन बेहद ख़ास रहने वाला है। आज आपके पास बिजनेस को आगे बढ़ाने का अच्छा मौका है। कॉम्पटीशन की तैयारी कर रहे छात्र तैयारी जारी रखेंगे। जिस व्यक्ति की आपने कभी मदद की थी वह आज आपके काम आएगा।

**सिंह:** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज अपने बिजनेस को आगे बढ़ाने की नयी योजना बनायेंगे, जिससे आपकी कामयाबी आसमान की बुलंदियों पर होगी। आपकी मुलाकात बचपन के किसी दोस्त से होगी, आपकी पुरानी यादें ताज़ा होंगी। आमोद-प्रमोद में आपका ज्यादा मन लगेगा। अर्थराईटिस की परेशानी से जुड़े लोगों को आज राहत मिलेगी। आज परिवार में सुख-शांति का माहौल बना रहेगा।

**कन्या:** आज आप अपने दिन की शुरुआत किसी गरीब की मदद करके करेंगे। आज आपके घर में कोई धार्मिक अनुष्ठान होने से घर में भक्ति भावना का माहौल बना रहेगा। पारिवारिक रिश्तों में हो रही गलतफहमियां आज दूर होंगी। स्किन प्रॉब्लम से परेशान लोग आज अच्छे डॉक्टर से सलाह लेंगे। बिजनेस पार्टनर के साथ किसी विदेश की यात्रा का योग बन रहा है। किसी बहुत इम्पोर्टेन्ट पर्सन से मुलाकात होगी।

**तुला:** आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आपके दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। इस राशि के बिजनेसमैन के लिए आज का दिन रिलैक्स से भरा होगा। आप दोस्तों के साथ ट्रिप पर जाने का प्लान बना सकते हैं। अधिकारियों और निचले वर्ग के लोगों से भी समय-समय पर मदद मिलेगी। आज आपके बिजनेस में तरक्की होगी।

**वृश्चिक:** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहेगा। आज आपकी शिक्षा में आ रही परेशानी से छुटकारा मिलेगा, आपको ख़ुशी होगी। आज आप किसी मांगलिक कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे। धार्मिक कार्यों के प्रति आस्था व विश्वास से आगे बढ़ेंगे। आज आप अपने कामों में जल्दबाजी दिखाने से बचेंगे तो आप आगे आने वाली किसी समस्या से बच जायेंगे।

**धनु:** आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। परिवार संग किसी धार्मिक स्थान पर दर्शन के लिए जायेंगे, पारिवारिक प्रेम बढ़ेगा। आज शांत मन से किसी काम को करेंगे तो जल्द ही पूरा हो जाएगा। कोई पारिवारिक निर्णय लेने से पहले घर के बड़े बुजुर्ग की राय जरूर लें। बिजनेसमैन के लिए नया बिजनेस स्टार्ट करने के लिए आज का दिन शुभ है जो आने वाले समय में अधिक फायदा कराएगा।

**मकर:** आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहने वाला है। आज किसी काम में आपको ज्यादा मेहनत करनी पड़ सकती है, इसलिए शाम को थकान रहेगी। आज कार्य स्थल पर आपकी मुलाकात ऐसे व्यक्ति से होगी जिससे मिलकर आपको अच्छा लगेगा। आज आप माता जी की इच्छा पूरी करेंगे, माता जी की खुशी देखने लायक होगी।

**कुम्भ:** आज आपका दिन लकी रहेगा 7 कुछ मामलों में मेहनत ज्यादा रहेगी और नतीजा कम लाभ वाला मिलेगा। ऑफिस में कोई नया काम भी सामने आ सकता है। उस नए काम को बहुत अच्छी तरह करने का प्रयास करेंगे। आज आपको धन लाभ होने के योग बन रहे हैं। किसी खास मित्र से आज आपकी मुलाकात होगी, जिनसे मिलकर आप खुश होंगे।

**मीन:** आज का दिन आपके लिए बदलाव से भरा हो सकता है। आज आपके जीवन में कुछ बदलाव आ सकते हैं जो आपके लिए बढ़िया साबित होंगे। आज आपको किसी काम को करने के लिये ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। आज माता-पिता के आशीर्वाद से किये गये कार्यों में आपको सफलता मिलेगी। परिवार को जोड़कर चलने से आपकी भूमिका बड़ी हो जाएगी।

अतुल्य भारत, अजेय भारत

# मोदी युग में पर्यटन को मिला नया स्वरूप

गजेन्द्र सिंह शेखावत
(केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री)





पिछले दशक में, भारत की पवित्र भूमि को सिर्फ़ देखा ही नहीं गया है - बल्कि इसे फिर से खोजा गया है। पहाड़ अब सिर्फ़ परिदृश्य नहीं रह गए हैं; वे जीवित अभयारण्य हैं। केदारनाथ और बद्रीनाथ के बर्फ से ढके मंदिरों से लेकर बोधगया की ध्यानपूर्ण शांति और सारनाथ की सुनहरी नीरवता तक, भारत की आध्यात्मिक आत्मा ने एक-एक तीर्थयात्री की भावना को उद्वेलित किया है। इस युग में पर्यटन, विवरण पुस्तिका (ब्रोशर) के ज़रिए नहीं, बल्कि भक्ति, स्मृति और फिर से जुड़ने की सभ्यतागत प्रेरणा के ज़रिए तैयार किया गया था। 2014 और 2024 के बीच, इस आध्यात्मिक जागृति ने देश के सांस्कृतिक मानचित्र को नया स्वरुप दिया। केदारनाथ, जो कभी त्रासदी का प्रतीक था, फ़ीनिक्स की तरह उभरा - 2024 में यहां 16 लाख से ज़्यादा तीर्थयात्री आये, जबकि एक दशक पहले यह संख्या केवल 40,000 थी। उज्जैन को महाकाल के शहर के रूप में पुनर्जीवित किया गया, इसने 2024 में 7.32 करोड़ आगंतुकों का स्वागत किया। प्रकाश और पवित्रता में पुनर्जन्म लेने वाली काशी ने 11 करोड़ लोगों को अपनी पवित्र गलियों में भ्रमण करते देखा। बोधगया और सारनाथ की गूंज कई महाद्वीपों में सुनायी दी, दोनों तीर्थस्थलों ने 2023 में 30 लाख से ज़्यादा साधकों को आकर्षित किया।

और फिर एक ऐसा क्षण आया, जो आंकड़ों से पार चला गया –जनवरी 2024 में अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा। यह कोई उद्घाटन नहीं था; यह सभ्यता की धड़कन का जीर्णोद्धार था। महज छह महीनों में, 11 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं का आगमन हुआ –न सिर्फ देखने के लिए, बल्कि इससे जुड़ने के लिए। लगभग इतना ही ऐतिहासिक था, महाकुंभ 2025, जो दुनिया का सबसे बड़ा आध्यात्मिक समागम था, जिसमें 65 करोड़ से ज्यादा तीर्थयात्री आस्था और उत्कृष्टता के संगम पर पहुंचे। अयोध्या और प्रयागराज, साथ मिलकर, भारत के आध्यात्मिक पुनर्जागरण के दो प्रकाश स्तंभ बन गए।

यह पर्यटन नहीं था–यह घर वापसी थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इस वापसी को आकार, अवसंरचना और आत्मा दी गई। अब पर्यटन एक जांच सूची (चेकलिस्ट)-संचालित उद्योग नहीं रहा, बल्कि पवित्र 'स्व' को फिर से खोजने का एक राष्टीय मिशन बन गया। प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी मंत्र - भारत में विवाह करें, भारत की यात्रा करें, भारत में निवेश करें - ने पर्यटन को एक सांस्कृतिक आह्वान में बदल दिया। मोदी सरकार ने प्रारंभ से ही पर्यटन को राष्ट्रीय पुनरुत्थान की ताकत के रूप में देखा है। स्वदेश दर्शन और इसके उन्नत रूप, स्वदेश दर्शन 2.0 के माध्यम से, पर्यटन मंत्रालय ने रामायण, बौद्ध, तटीय और आदिवासी जैसे विषयगत सर्किट के तहत 110 परियोजनाएँ विकसित कीं। 2014-15 में शुरू की गई मूल योजना में कुल 5,287.90 करोड़ रूपये की लागत से 76 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई थी। स्वदेश दर्शन 2.0 में, स्थाई गंतव्यों को विकसित करने के लिए 2,106.44 करोड़ रूपये के साथ 52 परियोजनाएँ जोड़ीं गईं।

चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी) उप-योजना के तहत, 623.13 करोड़ रूपये की 36 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई, जबकि एसएएससीआई योजना के अंतर्गत राज्य के नेतृत्व में पर्यटन अवसंरचना के विस्तार के लिए 3,295.76 करोड़ रूपये की 40 परियोजनाओं को स्वीकृति दी गयी।

इसके साथ ही, प्रसाद योजना के जरिये उन्नत सुविधाओं, प्रकाश व्यवस्था और स्वच्छता के साथ 100 तीर्थ शहरों को पुनर्जीवित किया गया। इन प्रयासों से भारत में 2023 में 250 करोड़ से अधिक घरेलू पर्यटकों की यात्रा दर्ज की गयी - जो अब तक का सबसे अधिक है।

2024-25 के केंद्रीय बजट में एक ऐतिहासिक घोषणा के तहत 50 पर्यटन स्थलों को विकसित करने का प्रस्ताव रखा गया, उन्हें निवेश और वित्तपोषण को आसान बनाने के लिए अवसंरचना सामंजस्य मास्टर सूची (आईएचएमएल) में जोड़ा गया।

पुनरुद्धार केवल पवित्र स्थानों तक सीमित नहीं था। 2018 में अनावरण की गई स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, देश के सबसे अधिक देखे जाने वाले स्मारकों में से एक बन गई, जिसे 2023 में 50 लाख से अधिक आगंतुक देखने आये। इसके चारों ओर इको-टूरिज्म पार्क, टेंट सिटी और आदिवासी संग्रहालय विकसित हुए हैं - जो सम्मान को अवसर में बदल रहे हैं। भारत का सभ्यतागत आत्मविश्वास इसकी कूटनीति में परिलक्षित होने लगा। फ्रांस, जापान, यूएई, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण कोरिया के राजनेताओं का, न केवल दिल्ली में, बल्कि वाराणसी, उदयपुर, अयोध्या और महाबलीपुरम में भी स्वागत हुआ। सॉफ्ट पावर अब सॉफ्ट नहीं रही - यह 3डी अनुभव हो गयी। रिवर क्रूज़, दीपोत्सव, आध्यात्मिक भ्रमण और सांस्कृतिक प्रदर्शन ने राजकौशल को आत्मा के शिल्प में बदल दिया।

इस बीच, अतुल्य भारत 2.0 ने देश को स्मारकों की भूमि से बदलकर बदलाव की भूमि बना दिया। ऋषिकेश में योग, केरल में आयुर्वेद, पूर्वोत्तर में जनजातीय त्योहार और कच्छ में शिल्प ने पर्यटन इकोसिस्टम को जीवंत व विशिष्ट स्थान प्रदान किया। विपणन को अब स्मृति से अलग करना मुश्किल था। इस क्षेत्र की आर्थिक स्थिति भी बहुत प्रभावशाली रही। अप्रैल 2000 से दिसंबर 2023 के बीच, भारत ने पर्यटन में 18 बिलियन डॉलर से अधिक का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आकर्षित किया। प्रमुख आतिथ्य अवसंरचना परियोजनाओं में 2014-22 के दौरान 9 बिलियन डॉलर का निवेश हुआ। केवल 2023 में, भारत ने 9.52 मिलियन विदेशी पर्यटकों के साथ 2.31 लाख करोड़ रूपये (28.7 बिलियन डॉलर) की विदेशी मुद्रा अर्जित की, जिसमें पिछले वर्ष की तुलना में 47.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी। इस क्षेत्र ने 2023-24 में 84.63 मिलियन नौकरियों का सृजन किया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 8.46 मिलियन अधिक थीं - इस प्रकार पर्यटन क्षेत्र भारत के विकास और रोज़गार की आधारशिला के रूप में उभरा।

पर्यटन एक संपूर्ण आयाम वाले मिशन के रूप में विकसित हुआ। 'एक विरासत अपनाएँ' योजना के तहत प्रमुख स्थलों का कॉर्पोरेट प्रबंधन शुरू हुआ, जबकि उड़ान योजना ने शिरडी, जीरो और मिनिकॉय जैसे दूर-दराज के स्थानों को हवाई मार्ग से जोड़ा। राष्टीय डिजिटल पर्यटन मिशन ने टिकट बुकिंग, डेटा और यात्रा कार्यक्रमों का एक एकीकृत प्लेटफ़ॉर्म में एकीकरण करना शुरू किया। पूर्वोत्तर- जो कभी उपेक्षित था- मुकुट के एक र प्रतिशत के रूप में उभरा। एक्ट ईस्ट नीति और अवसंरचना पर विशेष ध्यान की वजह से अरुणाचल, सिक्किम और मेघालय जैसे राज्यों में पर्यटकों का आगमन 2014 और 2022 के बीच दोगुना हो गया। जीवंत गांव कार्यक्रम ने किबिथु और माना जैसे दूरदराज के इलाकों को ऐसे गंतव्यों में बदल दिया, जहाँ देशभक्ति का मिलन प्रकृति और विरासत से होता है।

पर्यटन का विचार भी आकांक्षापूर्ण हो गया। भारत में विवाह, राजस्थान और गोवा जैसे विवाह केंद्रों के लिए प्रोत्साहन, अभियान और अवसंरचना के समर्थन में तब्दील हो गया। इस बीच, चिकित्सा और कल्याण पर्यटन के लिए 2022 में 6 लाख से अधिक विदेशी मरीज आये, जिससे भारत दुनिया के अग्रणी उपचार स्थलों में से एक बन गया। 2023 में भारत की जी-20 अध्यक्षता, सांस्कृतिक कूटनीति का एक उत्कृष्ट प्रदर्शन था। दिल्ली तक सीमित रहने के बजाय, खजुराहो से कुमारकोम तक 60 से अधिक गंतव्यों में वैश्विक कार्यक्रमों की मेजबानी हुई, जिनमें से प्रत्येक को स्थानीय कला, खान-पान और विरासत के साथ तैयार किया गया था। दुनिया भारत के साथ सिर्फ़ संवाद नहीं कर रही थी - बल्कि इसे अनुभव भी कर रही थी।

लेकिन आंकड़ों के पीछे, असली परिवर्तन आध्यात्मिक था। भारत ने दुनिया से अपने स्मारकों को देखने के लिए अनुरोध करना बंद कर दिया। देश ने अपनी यादों को महसूस करने, अपनी शांति में स्वस्थ होने और अपनी विविधता का जश्न मनाने के लिए पूरी दुनिया को आमंत्रित किया।

इस नए भारत में, पर्यटन मौसमी नहीं है - यह सभ्यतागत है। यह वह स्थल है, जहाँ दर्शन का विकास से, जहाँ तीर्थयात्रा का प्रगति से और जहाँ त्योहार का अवसंरचना से मिलन होता है। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, भारत ने दुनिया का सिर्फ़ स्वागत नहीं किया - बल्कि उसे गले लगाया। जैसे भिक्षु बोधि वृक्ष की परिक्रमा करते हैं, जैसे तीर्थयात्री केदारनाथ की ठंडी हवा में मंत्रोच्चार करते हैं, जैसे दुल्हनें महलनुमा गुंबदों के नीचे विवाह करती हैं और जैसे सीमावर्ती गाँव उत्सुक यात्रियों की मेजबानी करते हैं, एक सच्चाई हर पवित्र मार्ग और शांत गलियारे में गूंजती है: भारत केवल एक गंतव्य नहीं है, जहाँ की आप यात्रा करते हैं - यह एक ऐसा देश है, जहाँ आप कुछ शाश्वत की तलाश में बार-बार वापस आते हैं।

## सामयिक

sksIko28@gmail.com

# 2005 में अमेरिका के दबाव में झुकी कांग्रेस अब ईरान पर नैतिकता की दुहाई क्यों?

संजय सक्सेना
(वरिष्ठ पत्रकार)



***'वर्तमान में जब सोनिया गांधी ईरान को भारत का पुराना मित्र बताकर सरकार को घेर रही हैं, तो यह भी याद रखना चाहिए कि ईरान ने कई बार भारत के आंतरिक मामलों में दखल दिया है। 2024 में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने एक बयान में कहा कि अगर हम भारत, म्यांमार या गाजा में मुसलमानों की पीड़ा से अनजान हैं तो हम मुसलमान नहीं हैं। भारत ने इस बयान को 'ग़लत सूचना और अस्वीकार्य' करार दिया था।'***

पश्चिम एशिया में ईरान और इजरायल के बीच चल रहे तनाव और अमेरिका द्वारा ईरान के परमाणु ठिकानों पर किए गए हमलों ने अंतरराष्ट्रीय राजनीति में एक नई उथल-पुथल ला दी है। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी द्वारा हाल ही में एक अंग्रेज़ी अख़बार में प्रकाशित लेख ने खासा विवाद खड़ा कर दिया है। उन्होंने नरेंद्र मोदी सरकार की विदेश नीति, विशेषकर ईरान को लेकर, तीखी आलोचना की है और कहा है कि मौजूदा सरकार ने नैतिक मूल्यों और पारंपरिक कूटनीतिक संतुलन से समझौता किया है। सोनिया गांधी के इस बयान के बाद भाजपा ने उन्हें आड़े हाथों लिया और उनके लेख को 'राजनीतिक घड़ियाली आंसू' करार दिया। सवाल उठने लगे कि क्या सोनिया गांधी वास्तव में भारत-ईरान संबंधों को लेकर चिंतित हैं या यह सिर्फ एक रणनीतिक राजनीतिक दांव है, जिससे अल्पसंख्यक वोट बैंक को साधा जा सके? इन तमाम सवालों और आरोप-प्रत्यारोप के बीच यह जरूरी हो गया है कि भारत और ईरान के रिश्तों के इतिहास, वर्तमान और संभावित भविष्य को गहराई से समझा जाए।

भारत और ईरान के बीच रिश्ते हजारों साल पुराने सांस्कृतिक और व्यापारिक संबंधों पर आधारित हैं। दोनों देशों के बीच संबंधों की नींव सभ्यताओं के आदान-प्रदान, साहित्य, वास्तुकला, व्यापार और धर्म से जुड़ी है। आधुनिक काल में इन रिश्तों को ऊर्जा सुरक्षा, रणनीतिक साझेदारी और भू-राजनीतिक संतुलन ने नया आयाम दिया। खासकर चाबहार बंदरगाह परियोजना भारत के लिए न केवल मध्य एशिया तक पहुँच का एक अहम जरिया है, बल्कि यह चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (CPEC) का जवाब भी है।लेकिन भारत और ईरान के इन गहरे रिश्तों में 2005 में एक बड़ी दरार आई, जब मनमोहन सिंह की अगुआई वाली यूपीए सरकार ने अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (IAEA) में ईरान के खिलाफ वोट दिया। यह एक ऐतिहासिक मोड़ था, क्योंकि यह पहली बार था जब भारत ने अपने पारंपरिक मित्र देश ईरान के खिलाफ खुले तौर पर अंतरराष्ट्रीय मंच पर विरोध जताया।

2005 में भारत अमेरिका के साथ नागरिक परमाणु समझौते को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में था। अमेरिका चाहता था कि भारत ईरान के परमाणु कार्यक्रम के खिलाफ IAEA में प्रस्ताव का समर्थन करे। अमेरिका के स्पष्ट दबाव और यह चेतावनी कि अगर भारत ईरान का समर्थन करेगा तो न्यूक्लियर डील रुक सकती है इन परिस्थितियों में भारत ने अमेरिका का साथ दिया और ईरान के खिलाफ मतदान किया।इस फैसले का घरेलू राजनीति में जबरदस्त विरोध हुआ। वामपंथी दलों, जो उस समय यूपीए को समर्थन दे रहे थे, ने इसे अमेरिका के सामने आत्मसमर्पण बताया। यही नहीं, उस समय कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने भी इस मुद्दे पर चुप्पी साधे रखी, जो आज के उनके लेख को संदिग्ध बनाती है। अगर 2005 में ईरान को 'धोखा' देना एक राष्ट्रीय विवेक था, तो 2025 में संतुलन साधने की नीति पर आपत्ति कैसे उचित ठहराई जा सकती है?

2024 में जब IAEA में अमेरिका और उसके सहयोगियों ने ईरान के खिलाफ प्रस्ताव लाया, तो भारत ने मतदान से दूरी बनाकर एक संतुलित रुख अपनाया। यह नीति बताती है कि भारत अब अमेरिका और पश्चिमी देशों के दबाव में नहीं, बल्कि अपने राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता दे रहा है। इस बीच भारत ने न तो ईरान के परमाणु हथियार कार्यक्रम का समर्थन किया, और न ही इजरायल-अमेरिका की हर सैन्य कार्रवाई का समर्थन।भारत ने हमेशा कहा है कि वह ईरान के शांतिपूर्ण परमाणु कार्यक्रम के पक्ष में है, लेकिन हथियारों के विकास को लेकर चिंतित है। यही संतुलन भारत की विदेश नीति की सबसे बड़ी ताकत है, जो न केवल उसे वैश्विक मंच पर जिम्मेदार राष्ट्र के रूप में पेश करती है, बल्कि उसे अमेरिका, इजरायल और ईरान तीनों के साथ रिश्ते बनाए रखने की क्षमता भी देती है। वर्तमान में जब सोनिया गांधी ईरान को भारत का पुराना मित्र बताकर सरकार को घेर रही हैं, तो यह भी याद रखना चाहिए कि ईरान ने कई बार भारत के आंतरिक मामलों में दखल दिया है। 2024 में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने एक बयान में कहा कि अगर हम भारत, म्यांमार या गाजा में मुसलमानों की पीड़ा से अनजान हैं तो हम मुसलमान नहीं हैं। भारत ने इस बयान को 'ग़लत सूचना और अस्वीकार्य' करार दिया था। इससे पहले ईरान ने अनुच्छेद 370 के हटाए जाने और CAA को लेकर भी भारत की आलोचना की थी।क्या ऐसे देश को सदाबहार मित्र कहना उचित है, जिसने बार-बार भारत के संप्रभु अधिकारों पर सवाल उठाए? क्या कांग्रेस इस बात को नजरअंदाज कर सिर्फ राजनीतिक लाभ के लिए ईरान के पक्ष में खड़ी हो रही है?

21 जून 2025 को 'द हिंदू' में प्रकाशित अपने लेख में सोनिया गांधी ने मोदी सरकार पर गाजा, फिलिस्तीन और ईरान के मुद्दों पर चुप्पी साधने का आरोप लगाया। उन्होंने लिखा कि भारत की नैतिक स्थिति कमजोर हो गई है और यह एक आत्मघाती विदेश नीति है। उन्होंने इस लेख में यह भी कहा कि भारत को फिलिस्तीन और ईरान जैसे पुराने मित्रों के साथ खड़ा होना चाहिए लेकिन यह लेख ऐसे समय में आया है जब कांग्रेस मुस्लिम वोट बैंक को फिर से अपने पक्ष में लाने की कोशिश कर रही है। पिछले वर्षों में यह वोट बैंक तृणमूल कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, AIMIM और आरजेडी जैसे क्षेत्रीय दलों की ओर खिसक गया है। इस पृष्ठभूमि में सोनिया गांधी का लेख और प्रियंका गांधी का संसद में फिलिस्तीन झंडे वाला बैग लाना भाजपा के आरोपों को बल देता है कि कांग्रेस एक बार फिर तुष्टिकरण की राजनीति की ओर लौट रही है। भारत में इजरायल के राजदूत रूवेन अजार ने सोनिया गांधी के लेख पर नाराजगी जताते हुए कहा कि जिस व्यक्ति का आप जिक्र कर रहे हैं, उन्होंने 7 अक्टूबर के हमलों की वैसी निंदा नहीं की जैसी होनी चाहिए थी। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान की आक्रामकता को नजरअंदाज करना अस्वीकार्य है। अगर ईरान क्षेत्रीय आक्रामकता छोड़ दे और परमाणु हथियारों की दिशा में काम करना बंद करे, तो बातचीत का रास्ता हमेशा खुला है। यह बयान दर्शाता है कि भारत के लिए एक जिम्मेदार वैश्विक शक्ति की तरह संतुलन बनाए रखना कितना आवश्यक और जटिल कार्य है। इस पूरे घटनाक्रम के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति से सीधी बातचीत कर क्षेत्र में शांति बनाए रखने की अपील की। भारत ने स्पष्ट किया कि वह युद्ध नहीं, संवाद और स्थिरता का पक्षधर है। यही कारण है कि भारत न तो ईरान के खिलाफ प्रस्ताव का समर्थन कर रहा है, और न ही खुलकर उसका पक्ष ले रहा है।भारत की इस 'विषम संतुलन' नीति को अंतरराष्ट्रीय मंच पर सराहना भी मिल रही है, क्योंकि यह न केवल भारत के हितों की रक्षा करती है, बल्कि उसे उस रणनीतिक 'स्वतंत्रता' की स्थिति में भी रखती है, जो कई देशों के लिए मुश्किल है। भारत की विदेश नीति आज सिर्फ अतीत की दोस्तियों या भावनात्मक संबंधों पर नहीं, बल्कि रणनीतिक विवेक, ऊर्जा सुरक्षा, क्षेत्रीय स्थिरता और वैश्विक जिम्मेदारी पर आधारित है। 2005 में कांग्रेस सरकार ने अमेरिका के दबाव में ईरान के खिलाफ वोट दिया, और अब वही कांग्रेस भाजपा सरकार पर अमेरिका की कठपुतली बनने का आरोप लगा रही है। यह विरोधाभास कांग्रेस की नीयत पर सवाल खड़ा करता है। भारत का मौजूदा रुख इस बात का प्रतीक है कि वह अब 'गुटनिरपेक्षता' से आगे बढ़कर 'बहुपक्षीय संतुलन' की नीति अपना चुका है। आज जब दुनिया दो ध्रुवों में बंटने की ओर बढ़ रही है भारत एक ऐसे राष्ट्र के रूप में उभरा है, जो सभी के साथ बात कर सकता है, लेकिन किसी का मोहरा नहीं बनता। यही भारत की असली कूटनीतिक जीत है।

## जीवन शैली

### खाने का स्वाद बढ़ाने के अलावा इन कामों के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है नमक

आमतौर पर नमक का उपयोग खाने का स्वाद बढ़ाने के लिए किया जाता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि यह कई अन्य कामों के लिए भी उपयोगी हो सकता है। नमक का उपयोग करके आप अपने घर को साफ-सुथरा रख सकते हैं, कपड़ों की खुशबू बढ़ा सकते हैं और यहां तक कि अपने स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद हो सकता है। आइए नमक से जुड़े कुछ बेहतरीन तरीके जानते हैं।

**पैन और बर्तन साफ करने के लिए करें इस्तेमाल:** पैन और बर्तन साफ करने के लिए भी नमक का उपयोग किया जा सकता है। इसके लिए पानी में नमक डालकर उबालें, फिर इस मिश्रण को अपने पैन या बर्तन में डालकर कुछ देर छोड़ दें। इससे चिपकी हुई चिकनाई और जमी हुई गंदगी आसानी से निकल जाएगी। यह तरीका खासतौर पर लोहे के बर्तनों के लिए बहुत असरदार होता है क्योंकि यह उन्हें फिर से नया जैसा बना देता है।

**भूरे होने से बचाएं आलू और अन्य सब्जियां :** आलू और अन्य सब्जियां भूरे होने से बचाने के लिए भी नमक का उपयोग किया जा सकता है। इसके लिए आलू काटने के बाद उन पर थोड़ा नमक लगाकर रख दें, इससे वे जल्दी भूरे नहीं होंगे। इसी तरह हरी सब्जियों को काटने के बाद उन पर थोड़ा नमक छिड़क दें और फिर उन्हें फ्रिज में रखें। इससे सब्जियां ताजा बनी रहेंगी और उनका रंग भी नहीं बदलेगा।

**दांतों की सफाई के लिए भी किया जा सकता है इस्तेमाल :** दांतों की सफाई के लिए भी नमक का उपयोग किया जा सकता है। इसके लिए एक गिलास गर्म पानी में थोड़ा नमक मिलाकर घोल तैयार करें, फिर इस घोल से अपने मुंह को धोएं। इससे आपके दांत साफ हो जाएंगे और मुंह की बदबू भी दूर हो जाएगी। यह तरीका खासतौर पर सुबह-सुबह करने से ज्यादा असरदार होता है क्योंकि इससे आपके दांतों को ताजगी मिलती है।

## सु-दोकू 89

### सू- दोकू क्र.089

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.088का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |

## एक नजर

### आईटीआई एडमिशन के लिए 25 जून तक किया जा सकता है रजिस्ट्रेशन

**दंतेवाड़ा, 24 जून** । कार्यालय शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गीदम से प्राप्त जानकारी अनुसार शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गीदम, दंतेवाड़ा, कटेकल्याण, कुआकोंडा में शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु कोपा, मैकेनिक डीजल, वेल्डर, आदि विषयों में ऑनलाइन प्रवेश हेतु तिथि जारी कर दिया है। प्रथम चरण की रजिस्ट्रेशन के लिए 16 जून से 25 जून तक तथा द्वितीय चरण 11 जुलाई से 18 जुलाई तक ऑनलाइन पंजीयन किया जा सकता है। इस संबंध में विद्यार्थी ऑफिसियल वेबसाइट https://cgiti.admissions.nic.in/ पर जाकर छत्तीसगढ़ आईटीआई एडमिशन 2025 के लिए रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।

### ग्रामसभा का आयोजन 25 से 30 जून तक

**कांकेर, 24 जून।** कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 के तहत जिले के सभी ग्राम पंचायत मुख्यालय तथा उनके आश्रित ग्रामों में 25 जून से 30 जून 2025 तक ग्राम सभा आयोजन हेतु निर्देश जारी किया गया है। उन्होंने सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि ग्रामसभाओं का आयोजन अपने स्तर से पीठासीन अधिकारी नियुक्त कर तथा समय-सारणी बनाकर तिथि निर्धारित करें ताकि एक ही तिथि को ग्राम पंचायत के एक से अधिक ग्राम में उसी तिथि में ग्रामसभा का आयोजन न हो। इस प्रकार की व्यवस्था से सरपंच, सचिव सभी ग्रामसभाओं में अपनी उपस्थिति दे सकेंगे एवं ग्रामसभा का आयोजन सही ढंग से हो सकेगा। कलेक्टर श्री क्षीरसागर ने सभी जनपद पंचायत सीईओ को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले के सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा आयोजन कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार करें और पंचायतों के द्वारा ग्राम सभा सम्मेलन की सूचना सार्वजनिक स्थल, सहगोचर स्थानों पर चस्पा व मुनादी कराएं।

### जिला पंचायत में संविदा पदों पर भर्ती के लिए पात्र-अपात्र की सूची जारी

**कांकेर, 24 जून।** जिला पंचायत कार्यालय कांकेर अंतर्गत रिक्त संविदा पदों पर भर्ती हेतु विकासखण्ड परियोजना प्रबंधक के 01 पद, लेखापाल के 02, लेखा सह एमआईएस सहायक के 01 पद एवं भृत्य 01 पद के पात्र-अपात्र सूची जिले की वेबसाइट में अपलोड की गई है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने जानकारी दी है कि उक्त जारी सूची में भृत्य (1 पद) हेतु जारी सूची को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया गया है। शेष सूची यथावत रहेगी, भृत्य हेतु सूची पुनः अपलोड की जाएगी, जिसकी सूचना जिले की वेबसाइट 222.ख्रड्डठ्ठद्मद्गह्.द्दश1.द्बठ्ठ हेतु के माध्यम से दी जाएगी। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी जिले के वेबसाइट का समय-समय पर किसी भी अद्यतन जानकारी हेतु अवलोकन करते रहे डाक या किसी भी अन्य माध्यम से सूचना नहीं दी जाएगी।

### आईटीआई भानुप्रतापपुर और दुर्गूकोंदल में प्रवेश के लिए 25 जून तक आवेदन

**कांकेर, 24 जून** । जिले में संचालित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था भानुप्रतापपुर में सत्र अगस्त 2025-26 एवं 2025-27 में प्रवेश हेतु व्यवसाय विद्युतकार, कोपा, फिटर, वेल्डर तथा मैकेनिक डीजल एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था दुर्गूकोंदल में सत्र अगस्त 2025-26 व्यवसाय कोपा में प्रशिक्षण हेतु संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण के विभागीय वेबसाइट cgiti.admissions.nic.in में ऑनलाईन आवेदन 25 जून तक आमंत्रित किया गया है। इच्छुक आवेदक अपना पंजीयन एवं प्रवेश हेतु व्यवसाय का चयन कर सकते हैं। आवेदकों के पंजीयन के लिए वेबसाइट पर यूजर मैन्युअल दिया गया है जिसका अवलोकन किया जा सकता है।

# विधायक चैतराम ने नवप्रवेशी स्कूली बच्चों का स्वागत कर उज्जवल भविष्य की कामना की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**दंतेवाड़ा 24 जून।** नवीन शैक्षणिक सत्र 2025 के पारंभ के अवसर पर जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय दंतेवाड़ा में संपन्न हुआ ।शाला प्रवेश उत्सव के तहत पहुंचकर विधायक चैतराम अटामी ने नव प्रवेशी बच्चों का स्वागत किया । शाला प्रवेशोत्सव को लेकर विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखा गया । कार्यक्रम में नव प्रवेसी बच्चों को तिलक लगाकर,लड्डू खिलाकर,पुस्तक,गणवेश देकर विधायक चैतराम अटामी और अतिथियों द्वारा शाला प्रवेश उत्सव के तहत स्वागत किया गया । विधायक चैतराम अटामी ने बच्चों से चर्चा करते हुए कहा की प्रतिदिन समय पर स्कूल आना है,शाला परिसर में साफ़ सफाई रखना है,अच्छे से पढ़ लिखकर दंतेवाड़ा जिले का नाम रोशन करना है,अच्छे से पढाई करें और लक्ष्य निर्धारित कर खूब मन लगा कर पढ़ने के बाद डॉक्टर, इंजीनियर, कलेक्टर ,वैज्ञानिक इत्यादि बन अनेको छेत्रो में अपने जिले तथा माता पिता का नाम रोशन कर गौरवान्वित करे । विधायक चैतराम अटामी ने पालकों से भी बच्चों को समय पर प्रतिदिन शाला भेजने हेतु आग्रह करते हुए कहा की शाशन और प्रशाशन छात्र छात्राओं के शिक्षा व्यवस्था को उच्चतम और सुगम बनाने हेतु संकल्प और लक्ष्य के साथ प्रयासरत है,छात्रों के भविष्य हेतु चिंतित है,छात्र देश का भविष्य है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली सरकार कैसे भारत को शिक्षा के क्षेत्र में अव्वल बनाया जाये इस पर लगातार तीव्र गति से कार्य कर रही है हमारी सरकार के एजुकेशन सिटी,लाइवलीहुड कालेज और विभिन्न शैक्षणिक संस्थाए शिक्षा के क्षेत्र में मिल का पत्थर साबित होते हुए विश्व पटल पर प्रसिद्धि प्राप्त कर चुके है,इन सभी प्रयासों के कारण ही आज दंतेवाड़ा जिले जैसे संवेदनशील जिले के भी छात्रों का चयन आई ए एस,आई पि एस और आई एफ एस परीक्षाओ में हो रहा है जिससे दंतेवाड़ा जिला भी शिक्षा के छेत्र में गौरवान्वित हो रहा है । इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता,जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुडामि,जिला महामंत्री धीरेन्द्र प्रताप,जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविंद कुंजाम,नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता,जनपद अध्यक्ष सुनीता भास्कर, युवा मोर्चा अध्यक्ष कुणाल ठाकुर,साजन गौतम समेत भाजपा पदाधिकारी,जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता उपस्थित हुए ।

## भीड़ ने ईसाई समुदाय पर किया हमला,30 से अधिक घायल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**मलकानगिरी, ओडिशा, 24 जून।** मलकानगिरी जिले के मातापाका जीपी, मलकानगिरी पीएस, कोटामटेरू गांव में आज सुबह एक चौंकाने वाली हिंसक घटना हुई, जिसमें लगभग 1500-2000 लोगों की भीड़ ने ईसाई समुदाय पर हमला किया। सुबह 9 बजे शुरू हुए इस हमले में 30 से अधिक लोग घायल हो गए, जिनमें से कम से कम 20 लोग गंभीर रूप से घायल हैं।कोटामटेरू के दूरदराज के स्थान के कारण, हमले की खबर देर से पहुंची। फिर भी, एक व्यक्ति जिला पादरी से संपर्क करने में सफल रहा, जिन्होंने तुरंत मलकानगिरी पुलिस स्टेशन को सूचित किया। पुलिस की त्वरित कार्रवाई के कारण गंभीर रूप से घायल लोगों को बचाया गया, और उन्हें मलकानगिरी जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कम गंभीर रूप से घायल अन्य लोग वर्तमान में स्थानीय चर्च भवन में शरण ले रहे हैं।कोटामटेरू के ईसाई समुदाय को तत्काल सहायता की आवश्यकता है। विस्थापित और शरण मांग रहे लोगों के लिए भोजन और आश्रय की व्यवस्था सहित तत्काल राहत प्रयास अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इसके अलावा, सभी घायलों, विशेष रूप से अस्पताल में भर्ती लोगों के लिए, उनकी पूर्ण रिकवरी सुनिश्चित करने के लिए निरंतर चिकित्सा सहायता आवश्यक है।

### तेज रफ्तार दो ट्रकों की टक्कर में एक चालक की मौत

**सीतापुर,24 जून** । जिले में नेशनल हाईवे-43 पर राधापुर बैरियर के पास सोमवार देर रात हुए एक भीषण सड़क हादसे में एक ट्रक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा रात करीब 12 बजे उस वक्त हुआ जब दो ट्रक तेज गति में आमने-सामने से आ रहे थे और साइड लेने के प्रयास में जोरदार टक्कर हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार, एक ट्रक अंबिकापुर की ओर से जबकि दूसरा ट्रक सीतापुर की दिशा से आ रहा था। राधापुर बैरियर के समीप अचानक दोनों वाहन आमने-सामने टकरा गए, जिससे एक ट्रक चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

### गोदावरी माइंस प्रबंधन पर ग्रामीणों ने लगाया सौतेला व्यवहार करने का आरोप

**भानुप्रतापपुर, 24 जून** । भानुप्रतापपुर (भैंसाकन्हार )गोदावरी माइंस प्रबंधन पर क्षेत्र में अशांति फैलाने और ग्रामीणों के साथ सौतेला व्यवहार करने का गंभीर आरोप लगा है। भैंसाकन्हार के सरपंच रमल कोर्राम ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि खनन शुरू होने से पहले जन सुनवाई के दौरान कंपनी ने क्षेत्र में मूलभूत सुविधाएं और रोजगार देने का वादा किया था, लेकिन 16 साल बीत जाने के बाद भी उनके गांव भैंसाकन्हार, जो कि माइंस प्रभावित क्षेत्र में आता है और माइंस के नीचे स्थित है, को रोजगार और मूलभूत सुविधाओं के मामले में पूरी तरह से शून्य रखा गया है। सरपंच कोर्राम ने आगे कहा कि कंपनी ग्रामीणों के निवेदन और आवेदनों पर गांवों को आपस में लड़ाकर दादागिरी करती है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि गोदावरी माइंस प्रबंधन लीज क्षेत्र से बाहर भी कहीं भी काम करना चाहता है, और उनके वन क्षेत्र में भी दादागिरी करते हुए चुपचाप तरीके से सैकड़ों-हजारों पेड़-पौधों को नुकसान पहुंचा रहा था। ग्रामीणों की शिकायत पर जांच हुई है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।सरपंच रमल कोर्राम ने प्रेस के माध्यम से शासन-प्रशासन से मांग की है कि वे समय रहते इस मामले में दखल दें और भैंसाकन्हार गांव के लोगों को रोजगार और मूलभूत सुविधाएं दिलाने की पहल करें। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि ऐसा नहीं किया जाता है, तो गांववासी आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

### करोड़ों की ठगी करने वाला फरार संचालक गिरफ्तार

**मुंगेली, 24 जून** । निवेश के नाम पर करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी कर फरार चल रहे बीएन गोल्ड, रियल एस्टेट एंड एलाइड लिमिटेड कंपनी के दो डायरेक्टर आखिरकार पुलिस के हत्थे चढ़ गए हैं। सरगांव पुलिस ने दोनों आरोपियों को मध्यप्रदेश के सीहोर जिले से गिरफ्तार किया है। मामले में अन्य फरार आरोपियों की तलाश अब भी जारी है।गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान चरण सिंह ठाकुर और विक्रम सिंह सोनालिया के रूप में हुई है। पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कि वे कंपनी के डायरेक्टर थे और उन्होंने निवेशकों से करीब 5 करोड़ 53 लाख 22 हजार 722 रुपए की ठगी की है।यह मामला वर्ष 2016 से लंबित था। बैतलपुर निवासी हपशिया प्रकाश की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। शिकायत के मुताबिक, उनकी मां एस्ता प्रकाश से कंपनी ने हर महीने 1000 रुपए निवेश करने पर 5 वर्षों में 24,000 रुपए ब्याज देने का वादा किया था। अप्रैल 2016 तक उन्होंने 38,000 रुपए जमा भी कर दिए थे।



### ग्राम कासोली में विधायक ने सामुदायिक भवन का किया लोकार्पण

**गीदम,24 जून** । दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी अपने गृहग्राम ग्राम पंचायत कासोली पहुंचकर कासोली के मड़ियापारा में नवनिर्मित सामुदायिक भवन का उन्होंने लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से भी बातचीत की और उनका हाल जाना । इस कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष शकुंतला भास्कर, सरपंच शैलेश अटामी , मंडल अध्यक्ष सुदराम भास्कर , पंच सामनाथ अटामी, रामा अटामी, भगत अटामी, प्रज्ञा मंडली के शिवराम अटामी जगबंधु अटामी, कलाराम लैस नेताम रविन्द्र सोनी सहित कई गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी रही।

### बस्तर में डेंगू का कहर फिर शुरू, जगदलपुर में अब तक 40 से ज्यादा मरीज मिले

**जगदलपुर, 24 जून** । मानसून की बारिश अभी ठीक से शुरू भी नहीं हुई है, लेकिन बस्तर में डेंगू का संक्रमण एक बार फिर तेज़ी से फैलने लगा है। जगदलपुर शहर में अब तक 40 से अधिक डेंगू पॉजिटिव मरीज सामने आ चुके हैं, जिससे शहरवासियों की चिंता बढ़ गई है। खास बात यह है कि ये सभी मामले नगर क्षेत्र से मिले हैं, जहां गंदगी और साफ-सफाई की लचर स्थिति संक्रमण को बढ़ावा दे रही है।शहर के जिन वार्डों में कचरे का जमाव और जलभराव जैसी समस्याएं अधिक हैं, वहीं डेंगू के मरीज तेजी से सामने आ रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग ने रैपिड टेस्ट किट के जरिए मरीजों की पहचान करने के लिए विशेष टीमों को शहर के 48 वार्डों में सर्वे पर लगाया है। सर्वे के दौरान कई घरों में डेंगू के लार्वा भी पाए गए हैं, जिससे संक्रमण के और फैलने की आशंका बनी हुई है।हालांकि, स्वास्थ्य विभाग का दावा है कि जिन इलाकों में लार्वा मिले हैं, वहां फॉगिंग और कीटनाशक छिड़काव जैसे जरूरी उपाय किए जा रहे हैं। इसके साथ ही संभावित संक्रमित क्षेत्रों को साफ कर मच्छरों के प्रजनन को रोकने की कोशिश की जा रही है।डेंगू के मामलों पर नजर डालें तो वर्ष 2022 में जिले में रिकॉर्ड 2041 मरीज मिले थे, जबकि 2023 में यह संख्या घटकर 68 और 2024 में सिर्फ 12 रह गई थी। लेकिन 2025 की शुरुआत में ही 40 से अधिक मरीज सामने आ चुके हैं, जिससे यह साफ हो गया है कि संक्रमण फिर से खतरनाक रफ्तार पकड़ रहा है।जनता से अपील की जा रही है कि वह घर के आसपास सफाई रखें, रुके हुए पानी को हटाएं और किसी भी तरह की लापरवाही से बचें ताकि डेंगू को समय रहते रोका जा सके।

## यातायात पुलिस ने कांग्रेस प्रदेश सचिव का काटा चालान

■ प्रदेश सचिव राजकुमार तामो ने नहीं बांधी थी सीट बेल्ट

■ नगर में यातायात पुलिस लगातार कर रही है नियम विरुद्ध वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 24 जून।** दंतेवाड़ा यातायात पुलिस बिलकुल सख्त नियम के तहत हर रोज नियम विरूद्ध वाहन चलाने वाले दुपहिये एवं चार पहिये वाहन चालकों के खिलाफ धड़ाधड़ कारवाई कर रही है। नियम तोड़ने वाला कोई नेता या रसूखदार व्यक्ति ही क्यों न हो किसी को भी यातायात पुलिस नहीं बख्श रही। इसी कडी में मंगलवार को दंतेवाड़ा बचेली रोड पर बांगाबाड़ी के पास जिला कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव राजकुमार तामो के बोलेरो वाहन को रोककर सीट बेल्ट नहीं बांधने के चलते श्री तामो का चालान काटा और उन्हें हादसे से बचने सीट बेल्ट बांधकर ही ड्राईविंग करने की नसीहत दी। राजकुमार तामो ने भी यातायात पुलिस की इस कारवाई को विधि संवत बताया और सहर्ष ही अपनी गलती मानते हुए उन्होने 500 रूपए का जुर्माना भरा और आगे से सीट बेल्ट लगाकर ही वाहन चलाने की बात दोहराई। बता दें कि ये वहीं राजकुमार तामो है जिनके घर पर शराब घोटाले से संबंधित ईबोडबल्यू के अधिकारियों ने महिने भर पूर्व उनके कुम्हाररास स्थित पैतृक मकान एवं दंतेवोड़ा स्थित सरकारी बंगले में रेड मारा था जिसके बाद से राजकुमार तामो सुर्खियों में आए थे। कांग्रेस नेता राजकुमार तामो पूर्व केबिनेट मंत्री कवासी लखमा के काफी खास हैं।



### ग्राम रांका में अज्ञात महिला का शव मिला

**बेमेतरा, 24 जून** । दिनांक 23 जून 2025 को जिला बेमेतरा के थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम रांका में एक अज्ञात महिला का शव बरामद हुआ है। महिला की उम्र करीबन 25 से 35 वर्ष के बीच बताई जा रही है तथा शव लगभग 10-12 दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। महिला ने पीले रंग की लाइनदार कुर्ती और काले रंग की लेगिंग पहन रखी थी। मृतका के दोनों हाथों में लाल और गुलाबी रंग की चूड़ियाँ थीं तथा कानों में बाजारू झुमके पहने हुए थे। घटनास्थल पर एक गुलाबी रंग की लेडीज सैंडल भी पाई गई है। पुलिस ने शव की पहचान के लिए आम जनता से सहयोग की अपील की है।

### न्यायधानी के एक व्यापारी से 5.29 करोड़ व दूसरे से 4.5 लाख रुपए की ठगी

**बिलासपुर।** न्यायधानी से लगातार ठगी के मामले सामने आ रहे हैं. ताजा मामलों में से दो में व्यापारी ठगी का शिकार हुए हैं, तो एक अन्य मामले में एपीसी ने गलत वेतन फिक्सेशन कराकर सरकार को ही चूना लगा दिया। पहले मामले में गारमेंट व्यापारी 5.29 करोड़ रुपए के ठगी का शिकार हुआ है. व्यापारी मनोज तिवारी सरकारी संस्थान में स्वेटर सप्लाई का टेंडर दिलाने के झांसे में फंसकर बड़ी रकम से हाथ गंवा बैठे. शिकायत पर तारबाहर थाना में चार लोगों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज किया गया है। दूसरे मामले में व्यापारी परफ्यूम एजेंसी देने के नाम पर धोखाधड़ी का शिकार हुआ है. भवानी नगर निवासी जोंटी सिंह से 4.5 लाख रुपए की धोखाधड़ी की गई है, जिस पर सिरगिट्टी थाना में प्राइवेट कंपनी के एमडी, एचआर और दो कर्मचारियों के खिलाफ मामला पंजीबद्ध किया गया है.

**13 साल तक एपीसी उठाता रहा अधिक वेतन**-एक अन्य मामले में समग्र शिक्षा में पदस्थ सहायक कार्यक्रम समन्वयक रामेश्वर जायसवाल ने गलत वेतन फिक्सेशन कराकर सरकार को ही 9.46 लाख रुपए का चूना लगा दिया. आरोपी 13 साल तक शिक्षा विभाग के अधिकारियों से मिली भगत कर अधिक वेतन उठाता रहा. अब जब मामला सामने आया है, तब जिला शिक्षा अधिकारी ने वेतन से हुए अधिक भुगतान को वसूलने का आदेश जारी किया है. आरोपी के वेतन से 60 माह तक 15 हजार 700 रु की कटौती होगी।

### धरना-प्रदर्शन के साथ 25 जून को आंदोलन की तैयारी

## ग्रामीणों के विरोध के बाद भी शराब दुकान खोलने की तैयारी

**रायपुर ,24 जून।** बीते अप्रैल माह में खौली में शराब दुकान खोलने की सुगबुगाहट के चलते ग्रामीणों द्वारा धरना-प्रदर्शन किया। नेताओं के चक्कर काटने के बाद भी शराब दूकान खोलने के लिये प्रतिबद्ध प्रशासन द्वारा जगह उपलब्ध कराने के इच्छुक ग्रामीणों से 2 जुलाई तक निविदा आमंत्रित किये जाने से ग्रामीणों में एक बार फिर आक्रोश व्याप्त हो चला है । ग्रामीणों की बैठक में शराब दुकान न खुलने देने का निर्णय ले कल 25 जून को खौली में ही एक दिनी धरना - प्रदर्शन का निर्णय लिया गया है जिसके बाद आंदोलन की आगामी रूपरेखा तय की जावेगी ।

ज्ञातव्य हो कि अप्रैल माह में आरंग विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खौली में शराब दूकान खोलने की प्रशासन की? मंशा के खबर मिलते ही हड़कंप मच गया था । आक्रोशित ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक गुरु खुशवंत सिंह व सांसद बृजमोहन अग्रवाल सहित शासन - प्रशासन के मुखियाओं के पास विरोध दर्ज कराने के साथ - साथ धरना - प्रदर्शन का भी आयोजन किया जा जिसमें क्षेत्रीय जिला पंचायत सदस्य वतन चंद्राकर , क्षेत्रीय जनपद सदस्य राजू मनहरे व शराब विरोधी मुहिम में सक्रिय किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेंद्र शर्मा सहित जनपद व पंचायत स्तर के जनप्रतिनिधि शामिल हुये थे । इस धरना में श्री शर्मा ने पंचायत द्वारा शराब दूकान खोलने का प्रस्ताव देने का रहस्योद्घाटन कर माहौल गर्म कर दिया था जिसका पंचों द्वारा विरोध भी किया गया पर अंततः सरपंच ने मंदिर हसौद तहसीलदार द्वारा दबाव डाल पंचायत प्रतिनिधियों के शपथग्रहण दिवस पर प्रस्ताव पुस्तिका में रिक्त पड़े स्थान पर कथित रूप से जबरिया प्रस्ताव लिखवाने व? इसकी जानकारी पंचों को नहीं होने की बात स्वीकार की जिस पर इसकी शिकायत शासन - प्रशासन के कर्ताधर्ताओं सहित थाना में करने का आग्रह पंचायत प्रतिनिधियों से किया गया था । बहरहाल आसन्न 2 जुलाई तक निविदा आमंत्रित कर उसी दिन निविदा खोलने की जानकारी मिलने के साथ ही ग्राम में एक बार फिर आक्रोश व्याप्त हो चला है । बैठक में शराब दूकान न खुलने देने का संकल्प लेते हुये किसी भी ग्रामवासी द्वारा जगह मुहैया न कराने व पंचायत द्वारा किसी शासकीय भूमि का प्रस्ताव न देने का आग्रह किया गया है । साथ ही धरना - प्रदर्शन में शामिल होने आसपास के ग्रामीणों को आमंत्रित करते हुये पम्पलेट छपवा वितरित भी किया जा रहा है । खौली के पूर्व सरपंच धनाजिक चंद्राकर ने यह जानकारी देते हुये बतलाया है कि धरना - प्रदर्शन में शिरकत करने के लिये खौलीवासियों द्वारा शराब भट्ठी से प्रभावित होने वाले ग्रामों के ग्रामीणों सहित जनप्रतिनिधियों से भी संपर्क साधा जा रहा है ।



### राज्यपाल ने मेधावी छात्र आदित्य का किया सम्मान

**बेमेतरा, 24 जून।** राज्यपाल श्री रमेन डेका ने आज यहां राजभवन में बेमेतरा जिले के मेधावी छात्र श्री आदित्य तिवारी का सम्मान किया। राज्यपाल श्री डेका ने छात्र को 10 हजार रूपए प्रोत्साहन राशि प्रदान की साथ ही राजकीय गमछा पहनाया एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया। श्री डेका ने छात्र के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। उल्लेखनीय है कि बेमेतरा जिले के ग्राम जमघट निवासी छात्र आदित्य ने इस वर्ष सीबीएसई 12 वीं बोर्ड की परीक्षा 97.4 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की है साथ ही जेईई मेन्स में 99 प्रतिशत और जेईई एडवान्स परीक्षा में अच्छी रेंक प्राप्त की है। इस अवसर पर छात्र के परिजन भी उपस्थित थे।

### आईटीआई भानपुरी में प्रवेश के लिए 25 जून तक आवेदन

**जगदलपुर 25 जून।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था भानपुरी में विभिन्न व्यवसायों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 25 जून रात्रि 11.59 बजे तक विभागीय वेबसाईट cgiti.admissions.nic.in के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन संस्था में संचालित एक वर्षीय व्यवसाय कोपा, दो वर्षीय व्यवसाय विद्युतकार एवं फिटर व्यवसायों के लिए किया जा सकता है। संस्था में उपलब्ध सीटों की जानकारी एवं संबंधित नियम निर्देश विभागीय वेबसाइट में प्रदर्शित की गई है।

# सड़कों पर घूमने वाले मवेशियों को रोकने हो प्रभावी कार्रवाई : सांसद चौधरी

**धमतरी 24 जून** । महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग, स्टेट हाईवे और दूसरी मुख्य सड़कों पर आवारा घूमने वाले या बैठे रहने वाले मवेशियों के कारण सड़क दुर्घटनाओं को रोकने पर विशेष चर्चा हुई। बैठक में सांसद ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर मवेशियों के जमावड़े को हटाने के लिए प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को दिए। उन्होंने टोल फ्री नंबर 1033 को प्रभावी रूप से 24 घंटे सक्रिय रखने को भी कहा। श्रीमती चौधरी ने सड़कों पर आवारा घूमने वाले या बैठे रहने वाले मवेशियों को हटाकर उन्हें कांजी हाउस या गौशालाओं में रखने के निर्देश दिए तथा इनके मालिकों के विरूद्ध जुर्माना की कार्रवाई करने को कहा। बैठक में जिले में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी भी दी गई। इस बैठक में कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्री भोजराज नाग सहित धमतरी विधायक श्री ओंकार साहू, सिहावा विधायक श्रीमती अंबिका मरकाम, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री अरूण सार्वा, महापौर श्री रामू रोहरा सहित सभी जनपद पंचायतों-नगर पंचायतों के अध्यक्ष और कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक श्री सूरज सिंह परिहार, वनमण्डलाधिकारी श्रीकृष्ण जाधव, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रोमा श्रीवास्तव और विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकरी भी शामिल हुए।

बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री परिहार ने बताया कि जिले में पिछले वर्ष जनवरी से 15 जून तक की अवधि और इस वर्ष की इस अवधि के दौरान सड़क दुर्घटनाओं में लगभग 19 प्रतिशत की कमी आई है। इस अवधि में सड़क दुर्घटनाओं में मृतको की संख्या में भी लगभग साढ़े 17 प्रतिशत और घायलों में साढ़े 13 प्रतिशत की कमी हुई है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इसी अवधि में सड़क सुरक्षा के प्रति पुलिस की चालानी कार्रवाई में लगभग डेढ़ सौ प्रतिशत की वृद्धि हुई है। नशे में गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ के भी कार्रवाई में ढाई गुणा वृद्धि हुई है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पिछले वर्ष तक जिले में गंभीर सड़क दुर्घटनाओं के लेकर 5 ब्लैक स्पॉट थे, जो कि इस वर्ष अब केवल एक रह गया है। इस बचे हुए ब्लैक स्पॉट में भी पिछले एक साल में कोई दुर्घटना नहीं हुई है।बैठक में सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए की जा रही कार्रवाईयों की जानकारी भी दी गई। स्कूलों-कॉलेजों, व्यवसायिक संस्थाओं, वाहन चालकों, व्यापारिक संघों, ग्राम कोटवारों आदि को जनजागरूकता कार्यक्रम के द्वारा यातायात नियमों की जानकारी दी गई है। जनचौपाल, समाधान शिविर, सड़क की पाठशाला जैसे कार्यक्रमों से लगभग 55 हजार से अधिक लोगों को जोड़ा गया है। बैठक में यह भी बताया गया कि राष्ट्रीय राजमार्ग के कुरूद जंक्शन, संबलपुर बाईपास, श्यामतराई बाईपास पर सड़क दुर्घटनाओं को रोकने ट्रेफिक सिग्नल लगाए गए हैं। इसके साथ ही रोड मार्किंग, केट आई, कॉनवेक्स मिरर, साईन बोर्ड भी लगवाए गए हैं। सड़कों पर स्थित विद्युत पोल, मार्कर बोर्ड, डेलीनेटर, पुलों में लगे रेलिंग, सड़कों के किनारे लगे पेड़ों में रेडियम रिफ्लेक्टर टेप लगवाए गए हैं, ताकि रात में सफर करने के दौरान कोई सड़क दुर्घटना ना हो।सड़कों में अतिक्रमण कर दुकान, ठेला, पसरा, विज्ञापन बोर्ड आदि लगाने वाले व्यवसायियों में भी नगरनिगम के समन्वय के सथ लगातार कार्रवाई की जा रही है। हाईवे पेट्रोलिंग और थानां के माध्यम से होटल, ढाबा, पान दुकानों, पंक्चर दुकानों, पेट्रोल पंप संचालकों और कर्मचारियों के साथ-साथ समाजसेवियों को जोड़कर समाज सुरक्षा मितान बनाया गया है। इनके माध्यम से सड़क दुर्घटना की सूचना देने पर घायलों को त्वरित मदद भी की जा रही है। इसके साथ ही पैदल पेट्रोलिंग कर शहर मे यातायात व्यवस्थित किया जा रहा है। यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर चालानी कार्रवाई की जा रही है। अभी तक 121 वाहन चालकों का लायसेंस सस्पेंट करने के लिए परिवहन विभाग को लिखा गया है।

# शहीद एएसपी आकाश गिरपुंजे के परिजनों से मिले सचिन पायलट

## कहा- आतंकवाद और नक्सलवाद से सख्ती से निपटना होगा



**रायपुर, 24 जून।** नक्सली हमले में शहीद हुए एएसपी आकाश गिरपुंजे के परिजनों से मिलने कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट पहुंचे। उन्होंने शोकग्रस्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और भरोसा दिलाया कि राज्य और केंद्र सरकारों की ओर से हर संभव सहायता की जाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी भी हर तरह से परिवार के साथ खड़ी है। अपने छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान पायलट के साथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज और नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत भी मौजूद रहे। इस मौके पर पायलट ने कहा कि ऐसे नक्सली हमले समाज में भय का माहौल पैदा करते हैं और इन पर सख्त रोक लगानी होगी। उन्होंने कहा कि शहीद आकाश गिरपुंजे की बहादुरी पर पूरे देश को गर्व है। सचिन पायलट ने दो टूक कहा कि आतंकवाद और नक्सलवाद जैसे विचारों का समाज में कोई स्थान नहीं है और इनसे सख्ती से निपटना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि जो भी देशविरोधी ताकतें हैं, उन्हें हर हाल में पराजित करना होगा। उन्होंने यह संदेश दिया कि समाज को हिंसा की नहीं, बल्कि शांति और एकता की जरूरत है। शहीद गिरपुंजे ने अपनी ड्यूटी निभाते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता।

## एक नजर

### पीएससी की तैयारी कर रही छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस



**बिलासपुर, 24 जून।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में पीएससी (छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग) की तैयारी कर रही छात्रा ने खौफनाक कदम उठा लिया. घर के कमरे में छात्रा की फांसी के फंदे पर लटकी हुई लाश मिली है. मृतिका के परिजनों में शोक की लहर है. मामला सीपत थाना क्षेत्र का है. दरअसल, सीपत नहरपारा निवासी सेवा निवृत बांगो परियोजना लेखापाल बीआर सत्यार्थी की 4 बेटी और एक बेटा है. सबसे छोटी बेटी वीलिना सत्यार्थी पीएससी को तैयरी कर रही थी. सोमवार को बीआर सत्यार्थी का पूरा परिवार घूमने के लिए बिलासपुर आया था, उसी रात वह अपने गांव लौट गए. घर लौटने के बाद वीलिना भी अपने कमरे में चली गई थी. कुछ देर बाद घर वाले खाना खाने के लिए वीलिना कमरे में बुलाने गए, तो वह फांसी पर लटकी मिली. परिजन उसे फंदे से उतारकर बिलासपुर के सिम्स हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया है. सुसाइड नोट नहीं मिलने से मृत्यु के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है, पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है.

### रानी दुर्गावती वार्ड अंतर्गत 700 मीटर में पाईप लाईन विस्तार कार्य जारी

**रायपुर, 24 जून।** नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 10 के क्षेत्र के अंतर्गत रानी दुर्गावती वार्ड क्र.49 अंतर्गत राशि रु. 18.59 लाख का पाईप लाईन विस्तार कार्य लगभग 700 मीटर में किया जा रहा है, जिससे रिद्धी सिद्धी, रामाराम कालोनी में पानी की समस्या दूर हो सके। उक्त क्षेत्र में पाईप लाईन विस्तार हेतु रात में खुदाई की गई थी। जिसे पाईप लाईन डालने के पश्चात् रात में ही गड्ढे को पाटा गया है। उक्त क्षेत्र में पाईप लाईन विस्तार पूर्ण होने के पश्चात् टेस्टिंग कर कांक्रीटीकरण का कार्य किया जावेगा।

### शहीद स्मारक भवन के पास से मौदहापारा तक पुलिया व नाली निर्माण कार्य निरंतर प्रगति पर

**रायपुर, 24 जून।** नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 2 क्षेत्र के अंतर्गत हवलदार अब्दुल हमीद वार्ड क्र. 35 अंतर्गत शहीद स्मारक भवन के पास से मौदहापारा तक भाजपा कार्यालय होते हुए पुलिया एवं नाली निर्माण का कार्य निरंतर प्रगति पर है। उपरोक्त कार्य के लिए कार्यादेश दिनांक 29 मई 2025 को जारी किया गया है। कार्यदेश दिनांक से कार्य निरत्तर प्रगति पर है एवं कार्य पूर्ण करने की तिथि 7 माह की है।

### 26 लीटर कच्ची शराब और 50 किलो महुआ लाहन जब्त

**रायपुर, 24 जून।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के निर्देश पर राजनांदगांव जिले में शराब के अवैध कारोबार पर कड़ाई से रोक लगाने के लिए आबकारी विभाग द्वारा लगातार कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में की गई ताजा कार्रवाई में तीन अलग-अलग प्रकरणों में बड़ी मात्रा में अवैध शराब और निर्माण सामग्री जब्त की गई है। आबकारी विभाग ने 83.250 लीटर मध्यप्रदेश राज्य निर्मित विदेशी मदिरा (गोवा बाम्बे स्पेशल व्हिस्की), 26 बल्क लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब तथा 50 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया है। मदिरा के अवैध परिवहन में प्रयुक्त एक दोपहिया वाहन (स्कूटी) को भी कब्जे में लिया गया। घुमका थाना क्षेत्र के ग्राम बिरेझर में आबकारी टीम ने दशरथ साहू के कब्जे से 4 लीटर तथा नरेंद्र साहू से 7 लीटर, कुल 11 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब बरामद की गई है। इसी तरह एक अन्य प्रकरण में 350 पाव और 27 बोतल विदेशी मदिरा गोवा बाम्बे स्पेशल व्हिस्की बरामद की गई। यह शराब स्कूटी के माध्यम से अवैध रूप से परिवहन की जा रही थी। एक और अन्य मामले में मरकाकसा जंगल क्षेत्र में आबकारी दल ने 15 लीटर कच्ची महुआ शराब और 50 किलोग्राम महुआ लाहन को नष्ट किया। सभी मामलों में आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई की गई है। कलेक्टर डॉ. भुरे के निर्देश पर होटल, ढाबा और मदिरा दुकानों की भी नियमित जांच की जा रही है। अवैध बिक्री पर रोकथाम के लिए सभी वृत्त प्रभारियों को सतर्कता बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। जिला प्रशासन द्वारा आने वाले दिनों में इस तरह की कार्रवाई और तेज़ करने की तैयारी है।

### छत्तीसगढ़ के लेखपाल की एमपी में मिली लाश



**मनेन्द्रगढ़, 24 जून।** छत्तीसगढ़ की सीमा से लगे मध्यप्रदेश के बिजुरी रेलवे स्टेशन में ट्रैक पर एक व्यक्ति की लाश मिली है. मृतक की पहचान शंकर राव के रूप में हुई है, जो मनेन्द्रगढ़ नगर पालिका में लेखपाल के पद पर पदस्थ थे. ट्रेन से कटकर सिर और धड़ अलग हो गया है. जानकारी के अनुसार, शंकर राव का शव बिजुरी स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक पर क्षत-विक्षत हालत में मिला. आशंका जताई जा रही है कि वह ट्रेन से कट गए. घटना की सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. फिलहाल मौत के कारणों को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है और पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है.

# छत्तीसगढ़ के 17 शहरों में बनेंगी सेंट्रल लाइब्रेरी, युवाओं को मिलेगा पढ़ाई का बेहतर माहौल

**रायपुर, 24 जून।** राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ के 17 नगरीय निकायों में सेंट्रल लाइब्रेरी-सह-रीडिंग जोन की स्थापना को मंजूरी दे दी है। इसके लिए कुल 114 करोड़ 50 लाख 77 हजार रुपए स्वीकृत किए गए हैं। इन लाइब्रेरीज़ की स्थापना से दूरस्थ अंचलों जैसे सुकमा, दंतेवाड़ा, सूरजपुर, चिरमिरी, बैंकुठपुर आदि के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं और उच्च शिक्षा की तैयारी के लिए सुविधाजनक माहौल मिलेगा। राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित योजना के तहत कुल 18 सेंट्रल लाइब्रेरी तैयार की जाएंगी, जिनमें 13 लाइब्रेरी 250-सीटर होंगी और 5 लाइब्रेरी 500-सीटर। उप मुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव की स्वीकृति के बाद यह निर्णय लिया गया है। विभाग ने इस संबंध में मंत्रालय से आवश्यक राशि जारी करने के निर्देश दे दिए हैं। यह पहल प्रदेश भर के युवाओं को ज्ञान और करियर की दिशा में आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएगी।



### 13 लाइब्रेरी के लिए 57.39 करोड़ रुपए

250-सीटर लाइब्रेरी चिरमिरी, दंतेवाड़ा, सुकमा, अंबागढ़ चौकी, पेंड्रा, सूरजपुर, बैकुंठपुर, सारंगढ़, धमतरी, मुंगेली, खैरागढ़, सक्ती और बसना में बनाई जाएंगी। प्रत्येक पर 4 करोड़ 41 लाख 49 हजार रुपए खर्च किए जाएंगे।

### 5 बड़ी लाइब्रेरी के लिए 57.11 करोड़ रुपए

500-सीटर सेंट्रल लाइब्रेरी रायपुर, गरियाबंद, दुर्ग और बिलासपुर में बनाई जाएंगी। रायपुर में दो लाइब्रेरी बनाई जाएंगी, जिनके लिए 22 करोड़ 84 लाख 56 हजार रुपए स्वीकृत हुए हैं, जबकि गरियाबंद, दुर्ग और बिलासपुर में बनने वाली प्रत्येक लाइब्रेरी पर 11 करोड़ 42 लाख 28 हजार रुपए खर्च किए जाएंगे।

### यादव समाज 10 जुलाई को घेरेगा मुख्यमंत्री निवास

**रायपुर, 24 जून।** छग सर्व यादव समाज द्वारा अपनी उपेक्षा किये जाने को लेकर अनेकोंबार विभिन्न मंचों से सरकार से पर्याप्त महत्व दिये जाने की मांग पिछले कई वर्षों से की जा रही है। किंतु सरकार द्वारा यादव समाज को पर्याप्त महत्व नहीं दिये जाने पर उनमें बेहद नाराजगी है। यादव समाज के प्रमुख गुलेंद्र यादव एवं रामकृपाल यादव द्वारा इस संबंध में सरकार द्वारा निगम मंडलों गौ सेवा आयोग आदि में स्थान नहीं दिये जाने पर अपनी उपेक्षा को लेकर गहरा दुख व्याप्त है। पिछले दिनों यादव समाज की बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया है कि यदि सरकार द्वारा शासन में समाज के लोगों को प्रतिनिधित्व नहीं दिया जाता है तो 10 जुलाई को समाज के हजारों सदस्य मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेंगे।

# इंद्रप्रस्थ में लाश मिलने के मामले में बड़ा खुलासा, पुलिस ने दोनों आरोपियों को किया गिरफ्तार



**रायपुर, 25 जून।** राजधानी रायपुर के इंद्रप्रस्थ इलाके में ट्रंक में लाश मिलने के मामले में बड़ा खुलासा है। सूत्रों के हवाले से ये जानकारी सामने आई है कि, पैसे के लेनदेन के चलते हुई युवक की हत्या की गई है। इस हत्याकांड के मामले में पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही हत्या में इस्तेमाल किया गया कार भी जब्त किया गया है। बताया जा रहा है कि आरोपी पेशे से वकील है। वहीं, रायपुर निवासी बंजारे के रूप में मृतक की पहचान हुई है। ट्रंक खरीदने गए महिला -पुरुष का वीडियो भी सामने आया है। फिलहाल पुलिस कुछ भी साझा करने से बच रही है। कहा जा रहा है कि, पुलिस जल्द ही पूरे मामले का खुलासा कर सकती है। दरअसल, बीते सोमवार को एक अज्ञात युवक की सूटकेस में स्लील के ट्रंक के अंदर लाश मिली थी। इसमें शव के साथ सीमेंट डालकर रखा गया था, और इसे सुनसान इलाके में फेंक दिया गया था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची है। यह पूरा मामला डीडी नगर थाना इलाके का है। शुरूआती जानकारी के अनुसार शव लगभग 4 से 5 दिन पुराना बताया जा रहा है। घटनास्थल इंद्रप्रस्थ के वाटर पार्क के पास स्थित है, जहां लावारिस हालत में पड़े एक स्टील के ट्रंक के भीतर यह सूटकेस मिला।

# पौने चार लाख कर्मचारियों अधिकारियों का सीआर लटका

**रायपुर, 24 जून।** छत्तीसगढ़ में कर्मचारियों, अधिकारियों की गोपनीय चरित्रावली याने सीआर लिखने की डेट बढ़ती जा रही है। सामान्य प्रशासन विभाग ने तीसरी बार परिवर्तन करते हुए इसे 15 अगस्त से बढ़ाकर 15 सितंबर कर दिया है। कर्मचारियों, अधिकारियों का सीआर लिखने का डेट बार-बार क्यों बढ़ता जा रहा है, इसे हम नीचे बताएंगे पहले ये जान लीजिए कि छत्तीसगढ़ में सीआर लिखने का पैटर्न क्यों बदला गया है। अभी तक सीआर हार्ड पेपर में हाथ से लिखा जाता था। मगर विष्णुदेव साय सराकर ने कर्मचारियों, अधिकारियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए भारत सरकार की तरह सीआर को ऑनलाइन कर दिया है, साथ ही मूल्यांकन पैटर्न बदल दिया है। केंद्र सरकार की तरह अब अंकीय आधार पर सीआर लिखा जाएगा। पहली बात यह कि अब सीआर ऑनलाइन लिखा जाएगा। दूसरा, अब क, ख, ग की बजाए 0 से 10 तक नंबर मिलेंगे। याने अंकीय आधार पर सीआर लिखा लिखा जाएगा। सीआर लिखने का टाईम लिमिट भी तय किया गया है। अब कोई अधिकारी कर्मचारी या अपने मातहत अधिकारी को सीआर के लिए चक्कर नहीं काटवा पाएगा। करीब पौने चार लाख कर्मचारियों, अधिकारियों और शिक्षकों की गोपनीय चरित्रावली लिखने का पैटर्न बदल दिया है। सीआर में अब क प्लस, क, ख और ग लिखने का पैटर्न अब नहीं चलेगा।

## नारायणपुर-अंतागढ़ सड़क को मिली मंजूरी

**नारायणपुर, 24 जून।** जिलेवासियों के लिए डबल इंजन की सरकार ने बड़ी सौगात दी है। वर्षों से नारायणपुर से अंतागढ़ के बीच सड़क की जर्जर हालत से जूझ रहे लोगों के लिए अब राहत की खबर है। छत्तीसगढ़ लोक निर्माण विभाग द्वारा नारायणपुर-अंतागढ़ रोड (स्ना-05) के किमी 126 से 171 तक के हिस्से की चौड़ीकरण और मजबूतीकरण के लिए टेंडर जारी कर दिया गया है। इस परियोजना की कुल लंबाई 46 किलोमीटर है, जिसमें पुल-पुलियों सहित निर्माण कार्य शामिल है। 134.37 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। कार्य की समय सीमा 18 माह तय की गई है। नारायणपुर से अंतागढ़ मार्ग वर्षों से खराब स्थिति में था, जिससे आमजन को आवाजाही में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। विशेष रूप से बरसात के मौसम में यह सड़क कीचड़, गड्ढों और जलभराव का रूप ले लेती थी। अब इस टेंडर के ज़रिए एक मजबूत, चौड़ी और टिकाऊ सड़क का निर्माण होना तय है, जिससे स्थानीय जनता, व्यापारी, स्कूली छात्र, स्वास्थ्य वाहन सभी को लाभ मिलेगा। इस कार्य के लिए जिलेवासियों ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और वन मंत्री व नारायणपुर विधायक केदार कश्यप के प्रति आभार जताया है। वर्षों से लंबित इस परियोजना को उनके नेतृत्व में मंजूरी मिली, जो जिले के विकास की दिशा में एक बड़ा कदम है।

# फुटपाथ कब्जे पर निगम की सख्त कार्रवाई

- वीडियोग्राफी के बाद 59 दुकानदारों से वसूला 1.03 लाख जुर्माना

**रायपुर, 24 जून।** नगर निगम, पुलिस और जिला प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा चलाए जा रहे 'प्रहरी अभियान' के तहत अब फुटपाथ और रोड पर अवैध रूप से सामान रखने वालों के खिलाफ सख्ती बढ़ा दी गई है। पहले से भनक लगने पर दुकानदारों द्वारा सामान अंदर कर लेने की आदत पर लगाम लगाने के लिए प्रशासन ने अब अभियान से पहले वीडियोग्राफी शुरू कर दी है। 23 जून को मालवीय रोड, गोलबाजार और बैजनाथपारा में चलाए गए विशेष अभियान में वीडियोग्राफी के आधार पर 59 दुकानदारों पर कार्रवाई की गई। इनसे कुल 1 लाख 3 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। निगम आयुक्त विश्वदीप ने बताया कि अब वीडियो रिकॉर्डिंग के जरिए दुकानदारों की पहचान सुरक्षित रखी जाएगी, जिससे विवाद की स्थिति में स्पष्ट साक्ष्य मौजूद रहेगा।




### जयस्तंभ से कोतवाली चौक तक मचा हड़कंप

जयस्तंभ चौक से कोतवाली चौक तक मालवीय रोड में जब अभियान शुरू हुआ, तो दुकानदारों में हड़कंप मच गया। हालांकि टीम ने पहले ही वीडियोग्राफी कर ली थी। जब दुकानदारों ने सामान अंदर करना शुरू किया और विरोध जताया, तो उन्हें वीडियो दिखाकर शांत किया गया।

### पहली बार किसी पर 5000 का जुर्माना

इस बार कपड़े के कारोबारियों पर सबसे अधिक जुर्माना लगाया गया। एक दुकानदार पर पहली बार ?5000 का जुर्माना लगाया गया। वहीं अन्य दुकानदारों पर ?500 से ?1000 तक की पेनल्टी लगी। ये दुकानदार डमी पुतलों, स्टैंडी और बैनरों के जरिए प्रचार कर रहे थे, जिससे सड़क पर अवरोध उत्पन्न हो रहा था।

#### ठेला व्यवसायियों पर भी कार्रवाई

इसके साथ ही होटल व्यवसायियों और ठेला संचालकों पर भी कार्रवाई की गई, खासकर गोलबाजार, बैजनाथपारा और मालवीय रोड में। अभियान के दौरान अधिकारियों ने स्पष्ट कर दिया कि फुटपाथ और सड़क पर अतिक्रमण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## समाचार संक्षेप



मीना कुमारी की बायोपिक में नजर आ सकती हैं कियारा आडवाणी, निर्माताओं ने किया संपर्क।

### वीरांगना रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर नगर निगम संस्कृति विभाग द्वारा पुष्पांजलि आयोजन

**रायपुर, 24 जून।** नगर पालिक निगम रायपुर के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 3 के सहयोग से वीरांगना रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर दिनांक 24 जून 2025 को प्रातः 11 बजे शंकर नगर में कैनाल लींकिंग रोड के किनारे स्थित उनकी प्रतिमा स्थल के समक्ष उन्हें सादर नमन करने पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजन रखा गया है। आयोजन हेतु नगर निगम संस्कृति विभाग की ओर से नगर निगम जोन 3 जोन कमिश्नर को प्रतिमा स्थल की आवश्यक साफ-सफाई पुष्प, पुष्पमाला, फूलों की पंखुड़ियां आदि के साथ-साथ अन्य सामान्य यथोचित व्यवस्था सुनिश्चित करवाने निर्देशित किया गया है।

### पुराने प्रेमी ने युवती के सामने बॉयफ्रेंड की चाकू मारकर हत्या की

**कोंडागांव, 24 जून।** छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले से एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। सोमवार देर रात नगरपालिक चौक पर हुए एक लव ट्रायंगल से जुड़े विवाद में युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान भूपेश यादव (22 वर्ष) निवासी बोटी कनेरा के रूप में हुई है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है और फरार आरोपी की तलाश जारी है। सूत्रों के अनुसार, घटना रात करीब 12 से 1 बजे के बीच की है, जब भूपेश अपनी महिला मित्र के साथ नगरपालिक चौक पर टहल रहा था। इसी दौरान युवती का पुराना प्रेमी विजय कोर्राम (24 वर्ष), निवासी आलबेड़ा, कोंडागांव, वहां पहुंचा और दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि विजय ने अचानक जेब से चाकू निकाला और भूपेश पर ताबड़तोड़ हमला कर फरार हो गया। इस दौरान स्थानीय लोगों की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को तत्काल अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### राजधानी में मिले कोरोना के 5 नए मरीज

**रायपुर, 24 जून।** राजधानी रायपुर में कोरोना के पांच नए मरीज मिले हैं. रायपुर में एक्टिव मरीजों की संख्या अब 29 पहुंच गई है. वहीं राजनांदगांव में पिछले 20 दिनों के भीतर तीन लोगों की कोरोना से मौत हो चुकी है. बता दें कि अब तक 95 कोरोना के मरीज मिल चुके हैं. इसमें से 60 मरीज कोरोना को मात देकर ठीक हो चुके हैं. राहत की बात है कि रायपुर में अब तक एक भी कोरोना मरीजों की मौत नहीं हुई है. मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मिथलेश चौधरी ने कहा, रायपुर में अभी कोराना के 29 एक्टिव मरीज हैं. राजधानी में सर्वाधिक मरीज इसलिए हैं, क्योंकि सभी राज्यों से लोग यहां आते हैं. जनसंख्या घनत्व ज्यादा है. मरीजों के परिजनों को ट्रेस कर जांच की जा रही है. सीएमएचओ ने लोगों से अपील करते हुए कहा है कि कोरोना के लक्षण जैसे सर्दी-खांसी, बुखार होने पर तत्काल इलाज कराएं. कोरोना होने पर घर में भी मास्क लगाकर रहें. भीड़ भाड़ एरिया में जाने से बचें. बता दें कि राजनांदगांव में पिछ्ले 20 दिनों के भीतर तीन लोगों की कोरोना से मौत हो चुकी है, जिससे स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया है. मृतकों में सभी पहले से गंभीर बीमारियों से पीड़ित थे, लेकिन कोरोना संक्रमण के चलते उनकी हालत और बिगड़ गई और जान चली गई.

# राशन दुकानदारों के हड़ताल पर चले जाने से उपभोक्ता परेशान

- 13 हजार राशन दुकानदार बैठे धरना प्रदर्शन में
- 20 जुलाई से आगे चावल वितरण की अवधि बढ़ाने शासन ने केंद्र से किया अनुरोध

**रायपुर, 24 जून।** छत्तीसगढ़ राशन दुकानदार संघ एवं विक्रेता कल्याण संघ द्वारा आज विभिन्न मांगों को लेकर राशन दुकानदार हड़ताल पर चले गये जिसके कारण उपभोक्ताओं को काफी परेशानी हुई। संघ के महासचिव विजय घृतलहरे से मिली जानकारी के अनुसार छग में 13 हजार राशन दुकानदार है जो कि 81 लाख राशन कार्डधरियों को चावल तेल, गुड सहित रिफाइनरी नमक का वितरण करते हैं। संघ की मांग है कि हमें चावल तथा अन्य सामानों की बिक्री के लिए जो कमीशन दिया जाता है वह काफी कम है इसमें वृद्धि की जाए। उन्होंने आगे बताया कि केंद्र सरकार के निर्देश पर राज्य शासन में तीन माह का चावल 105 किलो 106 किलो से लेकर 140 किलो प्रति यूनिट दिया जा रहा है। ई पाश मशीन की ग्रेडिंग नहीं होने के कारण आए दिन लड़ाई झगड़ा होता रहता है जिससे मारपीट की स्थिति बनी हुई है। संघ के अनुसार हमने खाद्यमंत्री मुख्यमंत्री तथा सहित अन्य अधिकारियों को पत्र लिखकर अपनी मांग पूरी करने को कहा है। महासचिव के अनुसार तीन माह की चावल देने की अंतिम तिथि 30 जुलाई है जिसे बढ़ाने के लिए खाद्य सचिव ने केंद्र शासन को पत्र लिखा है।



स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे, * प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26